

पेज. 4 चेनामाता कुशलमाता का 39 वां महोत्सव 27 एवं 28


# मालवा फर्स्ट
MALWA FIRST

स्वाभिमान ही हमारा अभिमान है

Periodicity- Weekly

RNI NO. MPHIN38290 (TC)

संपादक : ऐश्वर्य शर्मा ( पवन )

नीमच, बुधवार

26 जून 2024


वर्ष 02, अंक 13, - मूल्य 02 रूपए

E-mail: nmh.pawan@gmail.com

Contact: 9407423966, 8770664866


Commodity: Gold 71,940 Silver 93,450 Crude Oil 6,694 Natural Gas 276.90 Aluminium 229.00 Copper 856.60

## लोकसभा स्पीकर पर घमासान तय, आ गई चुनाव की नौबत, 8 बार के सांसद के सुरेश ओम बिरला को देंगे चुनौती





**18वीं लोकसभा के अध्यक्ष के चयन को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच आम सहमति नहीं बन पाई। अब अध्यक्ष का चयन चुनाव के माध्यम से होगा। भाजपा सांसद ओम बिरला सरकार और कांग्रेस सांसद कोडिकुनिल सुरेश विपक्ष के उम्मीदवार हैं। बिरला राजस्थान के कोटा से तीसरी बार सांसद बनें हैं। के. सुरेश केरल में मावेलीक्करा लोकसभा सीट से कांग्रेस सांसद हैं।**

**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष के चयन को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच आम सहमति नहीं बन पाई। अब अध्यक्ष का चयन चुनाव के माध्यम से होगा। भाजपा सांसद ओम बिरला सरकार और कांग्रेस सांसद कोडिकुनिल सुरेश विपक्ष के उम्मीदवार हैं। ओम बिरला यदि लोकसभा अध्यक्ष पद पर आसीन होते हैं तो दो दशकों से अधिक समय में दूसरा कार्यकाल पाने वाले पहले अध्यक्ष होंगे। बिरला राजस्थान के कोटा से तीसरी बार सांसद बनें हैं।

**तीन बार विधायक रह चुके ओम बिरला**

23 नवंबर 1962 को जन्मे ओम बिरला तीन बार राजस्थान विधानसभा के सदस्य भी रहे हैं। पहले तीन बार राजस्थान विधानसभा में विधायक रह चुके हैं और भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) में विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके हैं। 1991 से 2003 तक वह भाजयुमो में एक प्रमुख नेता थे। पहले प्रदेश अध्यक्ष और फिर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया।
ओम बिरला 2003 में पहली बार विधानसभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। वह 2008 और 2013 में भी कोटा से विधायक रहे। तीन बार के विधायक ओम बिरला 2014 में पहली बार कोटा से सांसद चुने गए। तीन बार विधायक और तीसरी ही बार के सांसद ओम बिरला संसद की कई समितियों के सदस्य भी रहे हैं। बतौर सांसद अपने पहले कार्यकाल के दौरान ओम बिरला को कई समितियों में जगह दी गई थी। 16वीं लोकसभा के दौरान ओम बिरला प्राक्कलन समिति, याचिका समिति, ऊर्जा संबंधी स्थायी समिति, सलाहकार समिति के सदस्य रहे हैं। बिरला डिप्टी स्पीकर की नियुक्ति के बिना पूर्ण कार्यकाल पूरा करने वाले पहले अध्यक्ष भी बन गए हैं।

**केरल से सांसद हैं के. सुरेश**

कोडिकुन्नील सुरेश केरल के तिरुवनंतपुरम जिले की मावेलीक्करा लोकसभा सीट से कांग्रेस सांसद हैं। चार जून 1962 को जन्मे के सुरेश लोकसभा के सबसे वरिष्ठ सांसदों में से एक हैं।

सुरेश 27 साल की उम्र में 1989 में पहली बार नौवीं लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए थे। के सुरेश ने केरल की अदूर लोकसभा सीट से जीत हासिल की और फिर 1991, 1996 और 1999 में भी अदूर लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व किया। 1998 और 2004 के आम चुनाव में सुरेश को हार का सामना करना पड़ा।
साल 2009 के आम चुनाव में के सुरेश ने अपना निर्वाचन क्षेत्र बदला और मावेलीक्करा सीट से चुनाव लड़कर जीत हासिल की।

उसके बाद से सुरेश लगातार जीतकर अब 2024 लोकसभा चुनाव में आठवीं बार संसद पहुंचे हैं। 2024 के चुनाव में के सुरेश ने सीपीआइ उम्मीदवार अरुण कुमार सीए को साढ़े तीन लाख से ज्यादा वोटों से हराया है। के. सुरेश यूपीए की सरकार में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री भी रहे हैं। वे केरल कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष भी हैं और पार्टी संगठन में भी काम का उन्हें लंबा अनुभव है।

## महिला की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस का खुलासा , पति ने ही की थी पत्नि की हत्या



**नीमच।** पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी नीमच कैंट निरीक्षक सौरभ शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा दिनांक 21/ 22.06.2024 की मध्यरात्रि कनावटी में हुई महिला की हत्या के मामले में महिला के पति को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है।
दिनांक 21.06.24 की रात्रि को विनोद ने पत्नि हिना उर्फ हेमलता के साथ चरित्र शंका को लेकर झगडा किया था। रात को 11.00 बजें करीब हिना उर्फ हेमलता, विनोद नायक दोनो कमरे में जाकर सो गये थें।

दिनांक 22.06.24 को मृतिका के भाई मिथुन एवं परिवारजनों के द्वारा सुबह 07.00 बजे करीबन उठकर देखा तो जिस कमरे विनोद व हिना सो रहे थें।

उनको उठाने गये तो आवाज लगाने पर जवाब नही आने पर दरवाजा केवल जुडा हुआ था कुंदी नही लगी थी। दरवाजा खोलकर देखा तो विनोद नही दिखा व हिना चित अवस्था में पडी होकर उसकी नाक से झाग नुमा लाल रंग का व सफेद रंग का पदार्थ निकल रहा था। हिना को आवाज लगाई तो हिना नही बोली।

मिथुन ने हाथ लगाकर हिना को उठाने का प्रयास किया तो हिना का शरीर व हाथ कडक हो गया था तथा उसकी सांस भी नही चल रही थी तथा हिना मृत अवस्था में पडी थी व विनोद पत्नि हिना के साथ रात्रि में कमरे में सो रहा था। जो उठकर चला गया था। हिना उर्फ हेमलता को चरित्र शंका को लेकर मोबाईल चार्जर की केबल से गला दबाकर विनोद ने हत्या कर दी है।

मर्ग जांच पर से थाना नीमचकेंट पर अपराध क्रमांक 292/2024 धारा 302भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर अलग-अलग टीमें गठित की जाकर विवेचना तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबीरों की सहायता से आरोपी को गिर करने में थाना नीमचकेंट टीम को सफलता हासिल हुई।

**गिरफ्तार आरोपी-** विनोद पिता किशनलाल नायक उम्र 33 साल नि. सतखण्डा थाना- निम्बाहेडा सदर हाल मुकाम कनावटी जिला नीमच

**सराहनीय कार्य-** उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक सौरभ शर्मा, उनि. शिशुपालसिंह गौर, उनि लक्ष्मण सिंह राठौर, सउनि श्यामलाल नागलोथ, प्रआर. श्रीपालसिंह चन्द्रावत प्रआर. प्रदीप शिन्दे (सायबर सेल नीमच), प्रआर. 46 सुरेश बोराना, प्रआर. आजाद सिंह, आर. लखन प्रताप सिंह (सायबर सेल नीमच) आर. कुलदीप सिंह ( सायबर सेल नीमच ) एवं सउनि सुरज कुमार, बैंज नम्बर 142 राकेश, बैंज नम्बर 1638 विरेन्द्र व बैंज नम्बर 926 देवेन्द्र कोतवाली निम्बाहेडा राजस्थान का भी योगदान रहा।

## कॉलोनी में नाला निकासी की मांग, आदेश के बाद भी नहीं हुआ कार्य, पटवारी पर धमकाने के आरोप




**नीमच।** जिले के नया गांव वार्ड क्रमांक एक कबीर कॉलोनी में गंदे पानी के निकासी हेतु नाला निर्माण की मांग को लेकर कॉलोनी वासी मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने कलेक्टर के समक्ष नाला निकासी की मांग करते हुए वहां के पटवारी पर धमकाने के आरोप लगाए हैं। दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि वह सभी कॉलोनी वासी गाड़ी लोहार कबीर कॉलोनी नयागांव के निवासी हैं और अनेकों बार उनके द्वारा गंदे पानी की निकासी के लिए नाला निर्माण की मांग की जा चुकी है इसके बाद अनुविभागीय अधिकारी द्वारा सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने के आदेश जारी करते हुए नाला निर्माण की अनुमति भी दी है परंतु वहां के ही कुछ रसूखदार लोग सत्यनारायण पिता रणवीर सिंह रमाकांत पिता रणवीर सिंह पुरोहित वहां के पटवारी से साठ गाठ कर नाला निकासी नहीं होने दे रहे हैं जबकि उपरोक्त लोगों ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर रखा है और उक्त कब्जे को हटाने के आदेश भी वर्ष 2023 में हो चुके हैं मामले की शिकायत जब-जब भी की जाती है तो वहां के पटवारी कॉलोनी वासियों को सरकारी योजना से वंचित करने की धमकी दे रहे हैं वर्तमान में बारिश का समय चल रहा है ऐसे में पानी निकासी नहीं होने के कारण सड़को पर पानी भरा हुआ है जिससे आवागमन बाधित हो रहा है दिए गए ज्ञापन में मांग की गई है कि कॉलोनी में गंदे पानी की निकासी हेतु नाले का निर्माण तत्काल किया जाए । ज्ञापन सोपने के दौरान केसर गाड़ी लुहार,मुकेश गाड़ी लुहार बद्रीलाल गाड़ी लुहार सुरेश गाड़ी लुहार दिनेश गाड़ी लुहार मांगीलाल लुहार मनीष दिलीप सहित सभी गाड़ी लोहार समाज के सदस्य मौजूद रहे।

## विधायक परिहार की उपस्थिति में सोयाबीन बीज का नि:शुल्क वितरण कार्यक्रम सम्पन्न



**नीमच।** 25 जून को विकासखण्ड नीमच परिसर में विधायक दिलीपसिंह परिहार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी गुरूप्रसाद की गरिमामय उपस्थिति में भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर) इन्दौर एवं कृषि विभाग नीमच के संयुक्त तत्वावधान में सोयाबीन बीज के प्रदर्शन आयोजित करने हेतु विकासखण्ड नीमच के ग्राम मालखेडा एवं ढोलपुरा के 5-5 किसानों का चयन कर उन्हें सोयाबीन बीज का वितरण किया गया।

आयोजित सोयाबीन प्रदर्शन के सम्बंध में तकनीकी मार्गदर्शन/मॉनिटरिंग भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्था के वैज्ञानिकों द्वारा की जावेगी तथा स्थानीय स्तर पर तकनीकी सलाह बी एस अर्गल, उप संचालक कृषि एवं शिवराजसिंह राठौर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी द्वारा दी जावेगी। इन प्रदर्शनों द्वारा किसानों को नई किस्म एनआरसी-130 एवं जेएस-2069 वितरित की गई। जिसका आगामी समय में उत्पादन अच्छा होगा।

प्रदाय बीज की किस्म का उत्पादन अच्छा है एवं रोगों के प्रति प्रतिरोधी क्षमता अच्छी होने से अन्य किस्मों से अच्छा उत्पादन देने की संभावना व्यक्त की है। प्रत्येक कृषक को सोयाबीन बीज 30 किलोग्राम, बीजोपचार दवा जलोरा, बीज उपचार हेतु कल्चर एवं खरपतवार नाशक के एक-एक पैकेट नि:शुंल्क वितरित किये गये। आयोजित कार्यक्रम में रतन मालावत, जनपद सदस्य एवं राकेश किलोरिया उपस्थित थे।

## जिले के ब्लड ग्रुप जांच के लिए 28 जून को सभी पंचायतों और नगरीय निकायों में शिविरों का आयोजन

### जिले के एक लाख लोगों के ब्लड ग्रुप की होगी जांच



**नीमच।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन के मार्गदर्शन में नीमच जिले की सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में 28 जून को वृहद रक्त समूह परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में एक दिन में ही जिले के एक लाख लोगों के रक्त समूह परीक्षण का लक्ष्य रखा गया है। नीमच शहर के शा.बा.उ.मा.विद्यालय क्र.2 नीमच में विभिन्न स्वयं सेवी संस्थाओं के सहयोग से 28 जून को एक दिन में ही 5 हजार से अधिक लोगो को रक्त समुह परीक्षण, किया जावेगा। सभी स्वयं सेवी संस्थाओं ने अलग-अलग वार्डो में लोगो को जागरूक कर रक्त समूह परीक्षण करवाने की जिम्मेदारी ली है । रक्त समूह परीक्षण के इस वृहद अभियान के तहत रक्त समूह परीक्षण करवाने वाले व्यक्तियों के ब्लड ग्रुप की प्रशासन व्दारा एक डायरेक्ट्री का प्रकाशन किया जावेगा। यह डायरेक्ट्री सभी पंचायतों और नगरीय निकायों को उपलब्ध करवाई जावेगी। जिले के सभी नागरिक अपना ब्लड ग्रुप जांच करवाये-कलेक्टर

कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने जिले के सभी नागरिकों से 28 जून को जिले में विभिन्न स्थानों पर आयोजित होने वाले रक्त समूह परीक्षण शिविरों में उपस्थित होकर अपना निश्शुल्क ब्लड ग्रुप जांच करवाने की अपील की है।

कलेक्टर ने जिले की सभी स्वयंसेवी संस्थाओं से भी रक्त समूह परीक्षण शिविरों में ब्लड ग्रुप जांच के लिए लोगों को प्रेरित कर लाने का आव्हान किया है।

## शहर में बैखौफ हो रही आपराधिक घटनाएं राजेश पर हुआ जानलेवा हमला - पुलिस ने दर्ज की एफआईआर



**नीमच।** इन्दिरा नगर निवासी राजेश पिता उदयराम चान्दना पर 21 जून 2024 की रात्रि मूलचंद मार्ग क्षेत्र में गोपाल डूंगरवाल निवासी भोलाराम कम्पाउण्ड नीमच द्वारा जानलेवा हमला किया गया जिससे राजेश के सिर से बहुत अधिक खून बहने लगा अधिक स्वास्थ्य खराब होने से उसको स्थानीय जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां वर्तमान में उसका इलाज चल रहा है। फरियादी राजेश ने जानकारी देते हुए बताया कि वो दिनांक 21 जून को मूलचंद मार्ग क्षेत्र में गया था इस दौरान वहां उपस्थित गोपाल डूंगरवाल निवासी भोलाराम कम्पाउण्ड नीमच राजेश को मां बहन की नंगी व गंदी गंदी गालिया देने लगा इस पर राजेश ने गालियां देने से मना किया तो गोपाल डूंगरवाल ने राजेश के साथ मारपीट करते हुए कांच की बोतल से राजेश के सिर में जोरदार तरीके से मार उसका सिर फोड़ दिया जिससे वहीं सिर से खून की धारा बहने लगी बहुत अधिक मात्रा में खून निकलने लगा। वहां उपस्थित बबलू ओटवाल व रोहन ओटवाल ने राजेश को बचाया। अपराधी गोपाल डूंगरवाल के होंसले देखो कि उसने बोतल मारने के बाद जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद वहां से घायल अवस्था में राजेश थाने आया पर राजेश की स्वास्थ्य अधिक खराब होने से उसे थाने से इलाज के लिये सरकारी अस्पताल भेजा गया जहां राजेश को भर्ती कर लिया गया। दो दिन बाद स्वास्थ्य में थोड़ा सुधार होने पर 23 जून 2024 को राजेश थाने आया और रिपोर्ट करवाई जिसके बाद पुलिस ने गोपाल डूंगरवाल के खिलाफ भादंसं 1860 के तहत धारा 323, 324, 294 व 506 में एफआईआर दर्ज की गई।

## यातायात पुलिस हादसों की संभावनाओं को देखते हुए वाहनों पर रेडियम लगाए गए




**नीमच।** जिला पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया नगर पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन के निर्देशन में यातायात प्रभारी सुश्री उर्मिला चौहान सूबेदार सोनू बडगूजर सूबेदार धर्मेंद्र सिंह गौर के नेतृत्व में बारिश के मौसम को देखते हुए रात्रि के समय कम रोशनी में हादसों की संभावनाओं को देखते हुए और उनकी रोकथाम हेतु सभी प्रकार के वाहनों पर रेडियम लगाए गए।
आज कृषि उपज मंडी रोड पर आने जाने वाले भारी वाहन ट्रक लोडिंग पिकअप ट्रैक्टर ट्रॉली आदि पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए गए।
जिससे पीछे से आने वाले वाहन चालक को यह अनुमान हो जाए कि आगे कोई बड़ा वाहन चल रहा है।
ताकि वर्षा काल में कोई वाहन दुर्घटनाग्रस्त ना हो।
उसके साथ सभी वाहन चालकों के दस्तावेज चेक किए गए और उन्हें समझाइश दी गई।
यातायात पुलिस नीमच आमजन से अपील करती है कि बारिश के मौसम को देखते हुए अपने वहां निश्चित गति में ही चलाएं और पूर्ण सावधानी बरतें

## टी -20 वर्ल्ड कप क्रिकेट पर ऑनलाईन सट्टा लगाते 04 आरोपी गिरफ्तार




**16 नामजद तथा गिरफ्तार आरोपियों से 02 लेपटॉप, 01 एलईडी टीवी, 12 मोबाईल, 31000/- रूपयें नगदी सहित लगभग 75 लाख का क्रिकेट हिसाब जप्त**

**नीमच।** पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल द्वारा अपराध समीक्षा बैठक के दौरान जिलें के समस्त थाना प्रभारियों को सट्टा, जुआं एवं टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान लगने वाले क्रिकेट सट्टे पर सख्ती से अंकुष लगाने संबंधी निर्देष दिये गये है ।
पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल के निर्देषन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवल सिंह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक रंजन के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी बघाना निरीक्षक विजय सगरिया के नेतृत्व में संयुक्त रूप से गठित विशेष टीम द्वारा मुखबिर सूचना पर दिनांक 23.06.24 की रात्रि थाना बघाना क्षेत्र अन्तर्गत द्वारिकापुरी कालोनी स्थित मकान पर दबिश देकर क्रिकेट बुकी प्रकाश अहिर पिता बंशीलाल अहिर निवासी द्वारिकापुरी कालोनी बघाना एवं चेतन पिता सुनिल जायसवाल निवासी द्वारिकापुरी विस्तार कालोनी बघाना को टी-20 वर्ल्ड कप के यूएसए एवं इंग्लैण्ड़ के मैच पर क्रिकेट का सट्टा लगाते गिरफ्तार किया जाकर 02 लेपटॉप, 01 एलईडी टीवी, 12 मोबाईल, 31 हजार रूपयें नगदी सहित लगभग 75 लाख का क्रिकेट हिसाब जप्त करने में सफलता प्राप्त की है। उक्त प्रकरण में 02 मुख्य आरोपियों सहित 02 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर 16अन्य आरोपी नामजद किये गये है।
दिनांक 23.06.24 की रात्रि मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि द्वारिकापुरी कालोनी स्थित मकान पर क्रिकेट बुकी प्रकाश अहिर द्वारिकापुरी कालोनी बघाना अपने साथी एवं चेतन जायसवाल के साथ अपने घर में बैठकर लेपटॉप एवं मोबाईल पर टी-20 वर्ल्ड कप के मैच पर क्रिकेट सट्टा कर रहा है। मूखबीर सूचना पर से निरीक्षक विजय सगरिया के नेतृत्व में बनाई गई संयुक्त विशेष टीम द्वारा द्वारिकापुरी कालोनी बघाना स्थित प्रकाश अहिर पिता बंशीलाल अहिर के मकान पर दबिष देते टी-20 वर्ल्ड कप के यूएसए एवं इंग्लैण्ड़ के मैच पर क्रिकेट का सट्टा लगाते क्रिकेट बुकी प्रकाश अहिर पिता बंशीलाल अहिर निवासी द्वारिकापुरी कालोनी बघाना एवं चेतन पिता सुनिल जायसवाल निवासी द्वारिकापुरी विस्तार कालोनी बघाना को गिरफ्तार किया जाकर क्रिकेट सट्टे से संबंधित ईलेक्ट्रानिक उपकरण 02 लेपटॉप, 01 एलईडी टीवी, 12 मोबाईल, 31000/- रूपयें नगदी एवं अन्य सट्टा उपकरण सहित लगभग 75 लाख रूपयें का क्रिकेट का हिसाब जप्त किया गया। क्रिकेट बुकी प्रकाश अहिर एवं चेतन जायसवाल से पूछताछ के दौरान उनके द्वारा कमीशन बेस पर अपने अन्य साथियों के माध्यम से ऑनलाईन क्रिकेट सट्टा करना बताया गया। उक्त प्रकरण में 02 अन्य आरोपियों चन्द्रेश शर्मा निवासी अमर कालोनी बघाना एवं भरत निवासी धनेरिया रोड़ गायत्री मंदिर के सामने बघाना को गिरफ्तार किया जाकर प्रकरण में 16अन्य आरोपी नामजद किये गये है। पुलिस थाना बघाना पर अपराध क्रमांक 194/24 धारा 3/4, 4-क पब्लिक गेम्बलिंग एक्ट के तहत पंजीबद्व कर प्रकरण में विवेचना जारी है।

**गिरफ्तार आरोपी**

1. प्रकाश अहिर पिता बंशीलाल अहिर निवासी द्वारिकापुरी कालोनी बघाना
2. चेतन पिता सुनिल जायसवाल निवासी द्वारिकापुरी विस्तार कालोनी बघाना
3. चन्द्रेश शर्मा पिता जे.पी. शर्मा निवासी अमर कालोनी बघाना
4. भरत पिता मांगीलाल निवासी धनेरिया रोड़ गायत्री मंदिर के सामने बघाना

**जप्त मश्रुका** 01 लेपटॉप (लेनेवो कंपनी), 01 लेपटॉप (एचपी कंपनी), 01 एलईडी टीवी, 04 की-पेड़ मोबाईल, 08 एन्ड्राईड मोबाईल, सेट टॉप बाक्स मय रिमोट, केलक्यूलेटर आदि सट्टा उपकरण, 31,000/- रूपयें नगदी एवं 75 लाख का क्रिकेट सट्टा हिसाब।

**सराहनीय कार्य** उक्त कार्य में थाना प्रभारी बघाना निरीक्षक विजय सगरिया, उनि शंभुसिंह चुण्ड़ावत, सउनि विरेन्द्र सिंह बिसेन, प्रआर. प्रदीप शिन्दें, प्रआर. ज्ञानचंद यादव, प्रआर. आदित्य गौड़, आर. लखन प्रताप सिंह, आर. कुलदीप सिंह, आर. विश्वेन्द्र सिंह, आर. हितेश बोरिवाल, आर. अनिल पाटीदार, म.आर. शिवांगी की सराहनीय भूमिका रही।

# वेस्टइंडीज टीम में शामिल हुआ यह खौफनाक बल्लेबाज, अपनी पावर हिटिंग से बनेगा गेंदबाजों के लिए काल




**वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग मौजूदा टी20 वर्ल्ड कप के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। किंग को सुपर-8 के दूसरे मैच में इंग्लैंड के खिलाफ साइड स्ट्रेन की चोट के चलते रिटायर्ड हर्ट होना पड़ा। अब वेस्टइंडीज ने उनके रिप्लेसमेंट की घोषणा की है। आईसीसी की अनुमति के बाद वेस्टइंडी टीम में बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज काइल मेयर्स को टीम में शामिल किया गया है।**

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग साइड स्ट्रेन की चोट के चलते टी20 वर्ल्ड कप के बाकी बचे हुए मैचों से बाहर हो गए हैं। वेस्टइंडीज क्रिकेट ने उनकी जगह बाएं हाथ के बल्लेबाज काइल मेयर्स को टीम में जगह दी है। ब्रैंडन किंग इंग्लैंड के खिलाफ मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। ICC ने अपने एक बयान में बताया कि मौजूदा T20 वर्ल्ड कप 2024 की इवेंट तकनीकी समिति ने वेस्टइंडीज टीम में ब्रैंडन किंग की जगह बाएं हाथ के बल्लेबाज काइल मेयर्स को शामिल करने की मंजूरी दे दी है। मेयर्स के शनिवार को टीम में शामिल होने की उम्मीद है।

**इंग्लैंड के खिलाफ हुए चोटिल**

बता दें कि सुपर-8 के अपने पहले मुकाबले में वेस्टइंडीज का सामना इंग्लैंड से हुआ। किंग 12 गेंद पर 23 रन बनाकर खेल रहे थे। पांचवें ओवर की दूसरी गेंद पर वह सैम करन की गेंद पर मिड-ऑफ की ओर शॉट खेलते समय चोटिल हो गए। इसके बाद वह मैदान से बाहर चले गए और दोबारा बल्लेबाजी करने नहीं आए।

ऐसा रहा है मेयर्स का टी20 करियर

बता दें कि काइल मेयर्स ने अब तक 37 टी20 मैच खेले हैं। इस दौरान 21.38 की औसत से 727 रन बनाए हैं। बाएं हाथ के इस खिलाड़ी का स्ट्राइक रेट 140.38 है और उन्होंने अब तक टी20 के सबसे छोटे प्रारूप में तीन अर्धशतक लगाए हैं। टी20 वर्ल्ड कप से पहले साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेली गई टी20 सीरीज में मेयर्स वेस्टइंडीज टीम का हिस्सा थे।

**वेस्टइंडीज टीम**

रोवमैन पॉवेल (कप्तान), अल्जारी जोसेफ, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, शिमरॉन हेटमायर, शाई होप, अकील हुसैन, शमर जोसेफ, गुडाकेश मोती, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड, काइल मेयर्स, ओबेय मैकोय।

# अमेरिकी बाजार में प्रोडक्ट रेंज बढ़ाने पर विचार कर रहा है अमूल, जानें जरूरी डिटेल




**GCMMFL के तहत भारत का अग्रणी डेयरी ब्रांड अमूल वैश्विक डेयरी पावरहाउस बनने की ओर अग्रसर है। त्नष्टरूरूस्नरु के प्रबंध निदेशक जयेन मेहता द्वारा शुक्रवार को दिए गए बयान के अनुसार अमेरिकी बाजार में ताजा दूध की सफल शुरुआत के बाद अमूल अपनी पेशकशों का विस्तार करने के लिए तैयार है। आइये जानते हैं कि कंपनी की नए प्रोडक्ट रेंज को लेकर क्या प्लानिंग है।**

**नई दिल्ली।** अमूल अमेरिका में एक नए शिखर की तरफ अग्रसर हो रहा है। अमूल ब्रांड के तहत डेयरी प्रोडक्ट्स की मार्केटिंग करने वाला गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ मिशिगन दुग्ध उत्पादकों संघ के सहयोग से ताजा दूध लॉन्च करने के बाद अमेरिकी बाजार में अपने प्रोडक्ट रेंज का विस्तार करना चाहता है।

बीते शुक्रवार को एक शीर्ष अधिकारी ने इस बात की जानकारी दी है। इसके साथ ही गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ लिमिटेड (GCMMFL) के प्रबंध निदेशक जयेन मेहता ने कहा कि ताजे उत्पादों की (अमेरिका और अन्य विदेशी बाजारों में) अच्छी मांग है... हम जल्द ही दही, लस्सी छाछ, क्रीम और पनीर जैसे अन्य उत्पादों के साथ विस्तार करेंगे।

**नए प्रोडक्ट रेंज लाएगा अमूल**

उद्योग निकाय इंडियन मर्चेंट्स चैंबर (आईएमसी) की 116वीं वार्षिक आम बैठक को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए मेहता ने यह भी कहा कि दूध भारत की सबसे बड़ी कृषि फसल बन गई है और अगले दशक में देश वैश्विक दूध उत्पादन का एक तिहाई हिस्सा होगा।

जीसीएमएमएफ ने भारतीय प्रवासियों और एशियाई आबादी की जरूरतों को पूरा करने के लिए अमेरिका में दूध के चार प्रकार लॉन्च किए हैं। मेहता ने कहा कि हम जल्द ही कनाडा में विस्तार करेंगे, हम दुनिया के अन्य बाजारों पर भी विचार कर रहे हैं।

# जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाने वाले जीओएम का पुनर्गठन, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी बने संयोजक




**सात सदस्यीय जीओएम को दरों को तर्कसंगत बनाने जीएसटी छूट सूची की समीक्षा करने और इन्वर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर में सुधार का सुझाव देने का काम सौंपा गया है। यह दूसरी बार है जब जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाने संबंधी पैनल का पुनर्गठन किया गया है। जीओएम की स्थापना मूलरूप से सितंबर 2021 में कर्नाटक के तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के नेतृत्व में की गई थी।**

**नई दिल्ली।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाने के लिए बने मंत्रिसमूह का संयोजक नियुक्त किया गया है। जीएसटी काउंसिल की वेबसाइट के मुताबिक, पुनर्गठित पैनल के अन्य सदस्यों में उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, गोवा के परिवहन मंत्री मौविन गोडिन्हो, राजस्थान के चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवा मंत्री गजेंद्र सिंह हैं।

जीओएम में बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य, कर्नाटक के राजस्व मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा और केरल के वित्त मंत्री केएन बालगोपाल भी शामिल हैं।

**2021 में हुई थी जीओएम की स्थापना**

सात सदस्यीय जीओएम को दरों को तर्कसंगत बनाने, जीएसटी छूट सूची की समीक्षा करने और इन्वर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर में सुधार का सुझाव देने का काम सौंपा गया है। यह दूसरी बार है जब जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाने संबंधी पैनल का पुनर्गठन किया गया है। जीओएम की स्थापना मूलरूप से सितंबर 2021 में कर्नाटक के तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के नेतृत्व में की गई थी। उनकी अध्यक्षता में तैयार की गई एक रिपोर्ट को जून, 2022 में काउंसिल को सौंपा गया था।

रिपोर्ट में कर दरों को तर्कसंगत बनाने के लिए कुछ वस्तुओं और सेवाओं के लिए दरों में बदलाव का प्रस्ताव दिया गया था। पिछले साल मई में विधानसभा चुनावों के बाद कर्नाटक में सरकार बदल गई। पैनल का पुनर्गठन करते हुए उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना को संयोजक बनाया गया। इस साल जनवरी में बिहार में जनता दल (यूनाइटेड) और भाजपा संगठन की सरकार बनने के बाद वित्त विभाग वहां के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को दिया गया।

**वर्तमान में जीएसटी के तहत हैं पांच स्लैब**

सम्राट चौधरी ने पहले से पैनल में शामिल विजय कुमार चौधरी की जगह ली। सम्राट चौधरी को पैनल में शामिल करने के लिए जीएसटी दर युक्तिकरण पर जीओएम का पुनर्गठन आवश्यक था। वर्तमान में जीएसटी के तहत पांच (शून्य, 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत) कर स्लैब हैं। विलासिता से जुड़ी वस्तुओं पर सबसे अधिक 28 प्रतिशत की दर के अतिरिक्त उपकर भी लगाया जाता है।

# तुलसी के अलावा लड्डू गोपाल को अर्पित करें ये चीजें, खुशियों से भर जाएगा घर

**लड्डू गोपाल भगवान कृष्ण का बाल स्वरूप हैं और उनकी सेवा भी एक बच्चे की तरह ही की जाती है। माना जाता है कि भगवान लड्डू गोपाल को पूजा के दौरान तुलसी और मंजरी अर्पित करने से वह प्रसन्न होते हैं और साधक पर अपनी कृपा बनाए रखते हैं। लेकिन तुलसी के साथ ही आप गोपाल जी को अन्य चीजें अर्पित करके भी उनका आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं।**

**नई दिल्ली।** आपसे कई परिवारों में लड्डू गोपाल को विराजमान होते हुए देखा होगा। माना जाता है कि यदि गोपाल जी की सेवा परिवार के सदस्य की तरह ही की जाए तो इससे घर में सुख-शांति का माहौल बना रहता है। लेकिन लड्डू गोपाल जी की पूजा के दौरान कई तरह के नियमों का भी ध्यान रखा जाता है। तभी साधक को पूजा का पूर्ण फल प्राप्त हो सकता है।

**इस तरह अर्पित करें तुलसी**

लड्डू गोपाल की पूजा में तुलसी अर्पित करना जरूरी माना गया और इसके बिना उनकी पूजा अधूरी मानी जाती है। ऐसे में तो तुलसी अर्पित करते समय इस बात का ध्यान जरूर रखें कि पत्ते एकदम साबुत होने चाहिए। साथ ही लड्डू गोपाल को बासी तुलसी के पत्ते भी अर्पित नहीं करने चाहिए। हालांकि एकादशी और रविवार के दिन कान्हा जी को बासी तुलसी चढ़ाई जा सकती है, क्योंकि इस दिन तुलसी तोड़ना वर्जित माना जाता है।

**इन बातों का भी रखें ध्यान**

भगवान कृष्ण की तरह ही उनके बाल स्वरूप लड्डू गोपाल को भी श्रृंगार बहुत प्रिय माना गया है। ऐसे में स्नान करवाने के बाद लड्डू गोपाल जी को चंदन का तिलक लगाकर आभूषण आदि जरूर पहनाने चाहिए। साथ ही उनके श्रृंगार में मोर पंख और बांसुरी भी शामिल करें, क्योंकि इनके बिना लड्डू गोपाल का श्रृंगार अधूरा माना जाता है।

**जरूर लगाएं ये भोग**

लड्डू गोपाल जी को माखन-मिश्री बहुत प्रिय मानी गई है। ऐसे में आप उन्हें भोग के रूप में माखन-मिश्री चढ़ा सकते हैं। वहीं, अगर आप अलग-अलग दिन लड्डू गोपाल को अलग-अलग भोग अर्पित करते हैं, तो इससे आपको विशेष कृपा की प्राप्ति हो सकती है। ऐसे में आप लड्डू, खीर और हलवे आदि का प्रसाद भी चढ़ा सकते हैं।

# RBI के बाद अब SBI ने भरा सरकार का खजाना, दिया इतने करोड़ का डिविडेंड

**SBI ने सरकार को 6959 करोड़ रुपये का लाभांश (dividend) दिया है। यह डिविडेंड पिछले वित्त वर्ष यानी 2023-24 के लिए दिया गया है। SBI चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने फाइनेंशियल सर्विसेज सेक्रेटरी विवेक जोशी की मौजूदगी में शुक्रवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का डिविडेंड सौंपा। इससे पहले आरबीआई ने सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड डिविडेंड दिया था।**

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े लेंडर- स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) ने सरकार को 6,959 करोड़ रुपये का लाभांश (dividend) दिया है। यह डिविडेंड पिछले वित्त वर्ष यानी 2023-24 के लिए दिया गया है। SBI चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने फाइनेंशियल सर्विसेज सेक्रेटरी विवेक जोशी की मौजूदगी में शुक्रवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का डिविडेंड सौंपा।

वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक्स पर पोस्ट किया, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए एसबीआई के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा से 6959.29 करोड़ रुपये का डिविडेंड प्राप्त किया।

एसबीआई ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 13.70 रुपये प्रति शेयर के डिविडेंड दिया है। यह एक साल पहले के मुकाबले अधिक है, जब 11.30 रुपये प्रति इक्विटी का डिविडेंड दिया गया था।

वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान एसबीआई ने 67,085 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड कंसालिडेटेड नेट प्रॉफिट दर्ज किया। इससे एक साल पहले बैंक को 55,648 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था।

**आरबीआई ने दिया था रिकॉर्ड डिविडेंड**

इससे पहले भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये का डिविडेंड दिया था। इससे एक साल पहले केंद्रीय बैंक ने सरकार को 87,416 करोड़ रुपये का डिविडेंड दिया था। लेकिन, इस बार आरबीआई ने सरकार को अपने इतिहास का सबसे अधिक लाभांश दिया।

इससे पहले आरबीआई ने सबसे ज्यादा डिविडेंड वित्त वर्ष 2018-19 के लिए दिया था। उस दौरान कुल 1,76,051 करोड़ रुपये का लाभांश केंद्र को मिला था। यह कोरोना महामारी से ठीक पहले की बात है, जब अर्थव्यवस्था सुचारू ढंग से चल रही थी। लेकिन, इस बार का डिविडेंड एक साल पहले दिए गए लाभांश के दोगुने से भी अधिक है।

बजट में मौजूदा वित्त वर्ष के सरकार ने आरबीआई और सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों से कुल 1.02 लाख करोड़ रुपये की डिविडेंड मिलने का अंदाजा लगाया था। अब अनुमान से ज्यादा लाभांश मिलने से सरकार को राजकोषीय घाटा कम करने में मदद मिलेगी।

# एयरपोर्ट पर परेशानी का कारण बन सकता है बैग पर बंधा रिबन, जानें क्या है इसका कारण

**कहीं घूमने जाते समय अपने बैग की पहचान के लिए अक्सर हम उस पर कोई रिबन बांध देते हैं या टैग लगा देते हैं। इससे भीड़ में अपना सामान पहचानने में मदद मिल सकती है। लेकिन क्या आप जानते हैं बैग पर रिबन या टैग लगाने से आपको फ्लाइट पकड़ने में काफी देर भी हो सकती है। लेकिन ऐसा क्यों होता है?**

**नई दिल्ली।** लंबी दूरी और अंतरराष्ट्रीय सफर के लिए हवाई जहाज ही सबसे बेहतर विकल्प है। लेकिन इससे सफर करने के लिए एयरपोर्ट पर सामान की चेकिंग के झनझट से गुजरना पड़ता है। ऐसे में बैग चेकिंग के बाद इतने लोगों के सामान के बीच अपने बैग को पहचानना काफी मुश्किल होता है। इसलिए कई लोग अपने बैग पर स्टिकर लगा देते हैं या कोई टैग या रिबन बांध देते हैं, ताकि वे अपने सामान को आसानी से पहचान पाएं और इसमें उनका ज्यादा समय बर्बाद न हो। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस कारण से आपको काफी देर हो सकती है और आपकी फ्लाइट छूटने का खतरा भी रहता है। आइए जानते हैं ऐसा क्यों।

**क्यों बैग पर नहीं लगाना चाहिए रिबन या टैग?**

रिबन या टैग बांधने से बैग की आसानी से पहचान तो हो जाती है, लेकिन इसकी वजह से बैग को स्कैन करने में दिक्कत हो सकती है। आपको बता दें कि एयरपोर्ट पर सामान की चेकिंग के लिए मशीन ऑटोमेटिक बैग स्कैन करते हैं। लेकिन जब बैग पर पुराने स्टिकर, टैग या रिबन बंधे होते हैं, तो उनके कारण कई बार बैग ठीक से स्कैन नहीं हो पाते हैं। इस कारण उन्हें मैनुअल स्कैनिंग के लिए भेज दिया जाता है, जिसमें काफी समय लग सकता है। मैनुअल स्कैनिंग में बहुत समय लग सकता है, जिसके कारण अपना सामान लेने में यात्री को देर हो सकती है। इसकी वजह से कई बार यात्री को फ्लाइट पकड़ने में देर हो जाती है और कुछ मामलों में तो फ्लाइट छूट भी जाती है। इसलिए बैग स्कैनिंग के लिए समय कुछ बातों का ख्याल रखना जरूरी है।

**बैग चेकिंग के समय किन बातों का ख्याल रखें**

अपने बैग पर पहचान के लिए कोई भी कपड़ा, रिबन या टैग न बांधें। साथ ही, अगर बैग पर पुराना स्टिकर लगा हुआ है, तो भी उसे हटा दें। उसके कारण भी स्कैनिंग में परेशानी हो सकती है।

अपने फोन, लैपटॉप, टैबलेट आदि को बाहर की तरफ रखें, ताकि स्कैनिंग के समय आप उन्हें आसानी से निकालकर अलग रख सकें। ऐसा सुरक्षा की दृष्टि से किया जाता है।

किसी भी ऐसी चीज को पैक न करें, जिसे लेकर सफर करना मना हो, जैसे अपने बैग में कोई औजार या ज्वलनशील पदार्थ न रखें। वक्त से थोड़ा पहले पहुंच जाएं, ताकि बैग चेक कराते समय अगर कोई समस्या हो भी, तो उसे सुलझाने के लिए आपके पास पर्याप्त समय हो और आपकी फ्लाइट न छूटे।

# लीक हुआ और बदल गई पूरी परंपरा; जानिए उस अनोखे बजट की पूरी कहानी




**नई दिल्ली।** साल 1950 की बात है। केंद्रीय बजट पेश करने की तैयारी जोरों पर थी। देश को आजाद हुए चंद साल ही हुए थे। नीति-निर्माण की शुरुआत होनी थी। देश के विकास की दिशा तय करनी थी। इन सब वजहों से बजट की अहमियत काफी ज्यादा थी। बजट पेश करने की जिम्मेदारी वित्त मंत्री जॉन मथाई पर थी, जो इससे पहले 1949-50 का बजट पेश कर चुके थे।

लेकिन, अपना दूसरा बजट पेश करने से पहले जॉन मथाई को शायद तनिक अंदाजा भी नहीं रहा होगा कि यह उनका बतौर वित्त मंत्री आखिरी बजट साबित होगा। जब वह बजट पेश करने संसद जा रहे थे, तभी पता चला कि बजट के कुछ हिस्से पहले ही लीक हो गए। जब मथाई संसद पहुंचे, तो विपक्षी सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। उन्होंने मथाई पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए इस्तीफा देने की मांग की। मथाई पर आरोप लगा कि वह बड़ी शक्तियों के हित साध रहे हैं। उनके खिलाफ प्रदर्शन भी हुए। वह आजादी के शुरुआती साल ही थे। प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू नहीं चाहते थे कि उनकी सरकार इस तरह के आरोपों के साथ आगे बढ़े। लिहाजा, मथाई का दूसरा बजट ही उनका आखिरी बजट साबित हुआ और उसके बाद उन्हें वित्त मंत्री का पद छोड़ना पड़ गया।

**बजट लीक होने के बाद क्या हुआ?**

वैसे यह पहला मौका नहीं था, जब देश का केंद्रीय बजट लीक हुआ हो। आजाद भारत का पहला बजट (1947-1948) केंद्रीय वित्त मंत्री सर आरके षणमुखम चेट्टी ने पेश किया। वह ब्रिटिश समर्थक जस्टिस पार्टी के नेता थे। लेकिन, बजट से पहले ब्रिटेन के वित्त मंत्री ह्यूग डाल्टन ने एक पत्रकार से बातचीत में टैक्स में कुछ बदलावों के बारे में बता दिया, जो भारत सरकार करने वाली थी। पत्रकार ने संसद में बजट भाषण से पहले यह बात छाप दी।

यह सरकार के लिए गंभीर चिंता की बात थी कि तीन में से दो बजट पेश होने से पहले ही लीक हो गए। ऐसे में उच्च स्तर पर विचार-विमर्श हुआ कि किस तरह से बजट की गोपनीयता को बरकरार रखा जाए, क्योंकि इससे आम जनता से बड़े औद्योगिक घराने के हित जुड़े रहते हैं। इसके लगातार लीक होने से सरकार की छवि तो खराब होगी ही, आम जनता से लेकर कारोबारियों का हित प्रभावित होगा।

**गोपनीयता के लिए क्या किया गया?**

सबसे पहले सरकार ने इस बात पर विचार किया कि बजट कैसे लीक हुआ था। उस वक्त केंद्रीय बजट राष्ट्रपति भवन में छपता था। वहीं से उसका एक हिस्सा लीक हुआ था। ऐसे में फैसला किया गया कि बजट छापने के लिए अलग बंदोबस्त होना चाहिए। इसके बाद प्रिंटिंग के वेन?यू को बदला गया और नई दिल?ली के मिंटो रोड में बजट छापा जाने लगा। 951 से 1980 तक बजट की छपाई मिंटो रोड वाली प्रेस में होती थी। फिर पुराने संसद भवन में वित्त मंत्रालय के मुख्यालय नॉर्थ ब्लॉक के बेसमेंट में एक सरकारी प्रेस लगाई गई, ताकि बजट लीक होने की जो थोड़ी-बहुत आशंका है, उसे भी खत्म किया जाए।

**बजट से पहले क्वारंटीन का पालन**

बजट पेश होने से कुछ हफ्ते वित्त मंत्रालय के दफ्तर को पूरी तरह से क्वारंटीन कर दिया जाता है। वहां मीडिया और किसी भी अन्य आगंतुक के प्रवेश पर सख्त रोक होती है। इस दौरान वित्त मंत्रालय के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ पूरी बजट टीम को किसी से बात करने की इजाजत नहीं होती। यहां तक कि अपने परिजनों से भी नहीं। अगर कोई इमरजेंसी है, तो उनके परिवारवाले सिर्फ एक खास नंबर पर संदेश छोड़ सकते हैं। वे सीधे उनसे बात नहीं कर सकते। इस दौरान वित्त मंत्रालय के एंट्री और एग्जिट गेट पर सख्त सुरक्षा व्यवस्था रहती है। बजट बनाने में शामिल लोगों पर भी दिल्ली पुलिस की मदद से इंटेलिजेंस ब्यूरो कड़ी नजर रखता है। संयुक्त सचिव की अध्यक्षता में एक खुफिया टीम बजट बनाने की प्रक्रिया में शामिल अधिकारियों निगरानी करती है, उनके फोन कॉल पर भी नजर रखी जाती है।

# घर में इस तरह करें मंगल कलश की स्थापना, ध्यान रखें ये वास्तु नियम

**पूजा-पाठ या फिर किसी धार्मिक अनुष्ठान में कई तरह की चीजों का इस्तेमाल किया जाता है ताकि वह कार्य बिना किसी बाधा से सम्पन्न हो सके। इसी प्रकार मांगलिक कार्यों में मंगल कलश को स्थापित करना भी बहुत ही शुभ माना जाता है।**

**नई दिल्ली।** वास्तु शास्त्र में व्यक्ति के जीवन से जुड़ी कई परेशानियों का हल मिल सकता है। यह हिंदू प्रणाली के सबसे पुराने विज्ञानों में से एक है, जिसमें दिशाओं का विशेष महत्व माना गया है। ऐसे में चलिए जानते हैं घर में मंगल कलश स्थापित करने से वास्तु नियम, ताकि आपको इसके शुभ परिणाम प्राप्त हो सके।

**कलश स्थापना से मिलते हैं ये लाभ**

वास्तु शास्त्र के नियमों के अनुसार, घर में अष्टदल कमल बनाकर मंगल कलश स्थापित किया जाए, तो वह ज्यादा शुभ होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इससे व्यक्ति पर आने वाले सभी संकट दूर हो जाते हैं। साथ ही घर में सुख-समृद्धि का माहौल बना रहता है। माना जाता है कि कलश स्थापना करने से साधक और उसके परिवार पर मां लक्ष्मी का आशीर्वाद भी बना रहता है, जिससे आर्थिक संकट दूर हो सकते हैं।

**इस तरह करें कलश स्थापना**

सबसे पहले एक कलश में जल भरकर उसमें एक तांबे का सिक्का डाल दें। इसके साथ ही कलश में दुर्वा, चंदन, हल्दी, अक्षत, पान, सुपारी, लौंग और इलायची आदि भी डालें। इसके बाद कलश के ऊपर आम के पत्ते रखें और उसके मुख पर नारियल रख दें। अब रोली या फिर कुमकुम का इस्तेमाल करते हुए कलश पर स्वस्तिक का चिन्ह बनाएं और कलावा (रक्षा सूत्र) बांधे।

इसके बाद जहां आप कलश की स्थापना करना चाहते हैं, वहां अष्टदल कमल की आकृति बनाएं और उसपर कलश की स्थापना करें। वास्तु शास्त्र में मंगल कलश की स्थापना के लिए ईशान कोण सबसे उत्तम दिशा माना गया है।

# बाबर आजम की आलोचना करने वालों पर गिरेगी गाज, पाकिस्तानी कप्तान ने बना लिया कानूनी कार्रवाई का मन



**टी20 वर्ल्ड कप 2024 में पाकिस्तान टीम का प्रदर्शन शर्मनाक रहा। बाबर आजम की कप?तानी वाली टीम सुपर-8 तक में जगह नहीं बना पाई। ऐसे में बाबर आजम की काफी आलोचना हो रही है। अब बाबर आजम ने आलोचना करने वालों पर कानूनी कार्रवाई का मन बना लिया है। इसके लिए उन्होंने कानूनी विशेषज्ञों के साथ परामर्श शुरू कर दिया है।**

**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 में पाकिस्तान टीम का प्रदर्शन शर्मनाक रहा। बाबर आजम की कप्तानी वाली टीम सुपर-8 तक में जगह नहीं बना पाई और और ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गई। भारतीय टीम के अलावा अमेरिका ने भी पाकिस्तान को परास्त किया। ऐसे में मैन इन ग्रीन की काफी आलोचना भी हो रही है।

फैंस से लेकर पूर्व क्रिकेटर ने बाबर आजम की प्लानिंग पर सवाल उठाए हैं। हालांकि, बाबर आजम ने अब आलोचकों पर कानूनी कार्रवाई का मन बना लिया है।

**कानूनी कार्रवाई कर सकते बाबर**

जियो न्यूज की एक रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम यूट्यूबर्स और पूर्व खिलाड़ियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर सकते हैं। इन लोगों ने टी20 विश्व कप 2024 के दौरान उन पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया था। टूर्नामेंट के दौरान एक सोशल मीडिया कैंपेन में बाबर आजाम को निशाना बनाया गया। रिपोर्ट के मुताबकि, पाकिस्तानी कप्तान आरोप लगाने वाले लोगों को कानूनी नोटिस भेजने पर विचार कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने कानूनी विशेषज्ञों के साथ परामर्श शुरू कर दिया है।

**टूर्नामेंट में पाकिस्तान टीम का प्रदर्शन**

ग्रुप स्टेज में पाकिस्तान टीम ने 4 मैच खेले और उन्हें 2 में जीत मिली। 2 में टीम को हार का सामना भी करना पड़ा। अपने पहले मैच में बाबर आजम एंड कंपनी को अमेरिका के हाथों हार मिली थी। सुपर ओवर में अमेरिका ने पाकिस्तान को रौंदा था।

इसके बाद भारतीय टीम ने लो स्कोरिंग मैच में पाकिस्तान को 6 रन से मात दी थी। अपने आखिरी 2 मुकाबलों में मैन इन ग्रीन ने कनाडा को 7 विकेट से और आयरलैंड को 3 विकेट से परास्त किया था।

# भगवान जगन्नाथ के रथ में होते हैं इतने पहिए, जानें यात्रा से जुड़ी खास बातें

**नई दिल्ली।** ओडिशा के पुरी शहर में हर साल बेहद उत्साह के साथ भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जाती है। इस भव्य यात्रा में शामिल होने के लिए भक्त दूर-दूर से आते हैं। यह उत्सव पूरे 10 दिनों तक मनाया जाता है। इस बार जगन्नाथ रथ यात्रा की शुरुआत 07 जुलाई (Jagannath Rath Yatra 2024 Date) से हो रही है। धार्मिक मान्यता है कि रथ यात्रा में शामिल और प्रभु के दर्शन करने से साधक को पापों से छुटकारा मिलता है। साथ ही जगत के पालनहार भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है। भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलराम और छोटी बहन सुभद्रा के साथ अलग-अलग रथों पर सवार होकर नगर के भ्रमण करने के लिए निकलते हैं। ऐसे में आइए जानते हैं इन रथ की खासियत और अन्य जानकारी।

परंपरा अनुसार, भगवान जगन्नाथ, बलभद्र जी और बहन सुभद्रा अपनी मौसी के घर गुंडिचा मंदिर जाते हैं। जहां उनके बेहद उत्साह के साथ लोग स्वागत करते हैं। वह मौसी के घर कुछ दिन विश्राम कर पुन: अपने घर लौट आते हैं।

**इस दिन से शुरू होगी भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा**

पंचांग के अनुसार, आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि की शुरुआत 07 जुलाई, 2024 को सुबह 04 बजकर 26 मिनट पर होगी। वहीं इसका समापन 08 जुलाई, 2024 को सुबह 04 बजकर 59 मिनट पर होगा। ऐसे में जगन्नाथ रथ यात्रा की शुरुआत 07 जुलाई से हो रही है।

**यात्रा में होते हैं 3 रथ**

रथ यात्रा के लिए 3 रथ बनाए जाते हैं। भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र अलग-अलग रथ पर सवार होते हैं। कहा जाता है कि इन रथों को 884 पेड़ों की लकड़ियों की मदद से बनाया जाता है। सबसे खास बात दें कि इन रथों को बनाने के लिए किसी भी धातु और कील का प्रयोग नहीं किया जाता है। भगवान जगन्नाथ के रथ में 16 पहिये होते हैं। रथ को शंखचूड़ रस्सी से खींचा जाता है।

**इसलिए निकाली जाती है यात्रा**

पद्म पुराण के अनुसार, भगवान जगन्नाथ की बहन सुभद्रा ने एक बार नगर देखने की इच्छा जताई। ऐसे में भगवान जगन्नाथ ने उनको रथ पर बैठाकर नगर का भ्रमण कराया। यात्रा के दौरान वह अपनी मौसी के घर भी गए। जहां वह 7 दिन तक रुके। धार्मिक मान्यता है कि तभी से हर वर्ष भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली जाती है।

**इस दिन से शुरू होती है रथ के निर्माण की प्रक्रिया**

भगवान जगन्नाथ यात्रा में शामिल होने वाले रथ को बेहद सुंदर तरीके से बनाया जाता है। रथ को बनाने के दौरान कई बातों का विशेष ध्यान रखा जाता है। इस रथ को बनाने की प्रक्रिया अक्षय तृतीया से होती है। लकड़ियों की पूजा-अर्चना करने के बाद रथ का निर्माण कार्य शुरू होता है।

**रथ यात्रा का धार्मिक महत्व**

भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा देश के अलावा विश्वभर में बेहद प्रसिद्ध है। यात्रा भगवान जगन्नाथ को समर्पित है, जो जगत के पालनहार भगवान विष्णु अवतार माने जाते हैं। सनातन धर्म में आस्था का मुख्य केंद्र होने की वजह से इसका धार्मिक महत्व अधिक बढ़ जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस यात्रा में शामिल होने से साधक को मरणोपरान्त मोक्ष की प्राप्ति होती है।

# गैस की डिमांड में आने वाली है तूफानी तेजी, सरकारी पेट्रोलियम कंपनियां कर रहीं सप्लाई का बंदोबस्त

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार वर्ष 2030 तक देश की इकोनमी में गैस की हिस्सेदारी को मौजूदा 6.3 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करना चाहती है। सरकार के इस लक्ष्य को देखते हुए अब सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों ने देश में छोटे एलएनजी टर्मिनल बनाने का फैसला किया है। इसके तहत दो बड़ी महारत्न कंपनियों ओएनजीसी और आईओसी ने मिलकर मध्य प्रदेश के ढ्ढवध्या बेसिन में स्थित हट्टा गैस फील्ड के नजदीक एक कम क्षमता का एलएनजी टर्मिनल लगाने की घोषणा की है।

यह देश में अपनी तरह का अनूठा टर्मिनल होगा। एलएनजी टर्मिनल में न सिर्फ गैस के सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था होती है, बल्कि प्राकृतिक गैस को लिक्विड में बनाने और इसके परिवहन की भी व्यवस्था होती है। दोनों कंपनियों के अधिकारियों ने बताया कि अगले दो दशकों में प्राकृतिक गैस की मांग में काफी ज्यादा वृद्धि की संभावना को देखते हुए सिर्फ विशालकाय एलएनजी टर्मिनल से काम नहीं चलेगा, बल्कि कई जगहों पर हमें छोटे-छोटे टर्मिनल बनाने होंगे। भारत में अभी सात एलएनजी टर्मिनल हैं।

इनमें से तीन (दहेज, हजीरा व मुंद्रा) गुजरात में है जबकि महाराष्ट्र, तमिलनाडु व केरल में एक-एक हैं। ये टर्मिनल अभी अपनी क्षमता का पूरा इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। इसके बावजूद सरकार भविष्य में गैस की खपत में भारी वृद्धि की संभावना को देखते हुए कई नए एलएनजी टर्मिनल के निर्माण की योजना बना चुकी है। वर्ष 2024 से वर्ष 2030 तक हर साल भारत में गैस की सालाना खपत में चार गुना वृद्धि की संभावना है।

भारत में अभी गैस की खपत 15 करोड़ घन मीटर प्रतिदिन है जिसके वर्ष 2030 तक 60 करोड़ घन मीटर प्रतिदिन होने का अनुमान है। इसका बड़ा हिस्सा आयात करना होगा।

यही वजह है कि देश में नए एलएनजी टर्मिनल लगाने को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी वर्ष दो नए एलएनजी टर्मिनल के शुरू हो जाने की संभावना है।

# Back Pain ने कम उम्र में ही बना दिया है बूढ़ा, तो जल्द राहत पाने के लिए रोजाना करें ये एक्सरसाइज




**इन दिनों लोगों की लाइफ इतनी बदल चुकी है कि उनके पास खुद के लिए तक समय नहीं है। बिजी रहने की वजह से फिजिकल एक्टिविटी करना तक मुश्किल होता है। ऐसे में शारीरिक गतिविधि की कमी की वजह से कई लोग कम उम्र में ही कमर दर्द का शिकार हो जाते है। इसके लिए कुछ एक्सरसाइज काम आ सकती हैं।**

**नई दिल्ली।** एक उम्र के बाद आमतौर पर कई लोगों को कमर दर्द या बैक पेन सताने लगता है। लगभग 80त्न लोगों को अपने जीवनकाल में इस दर्द से एक न एक बार जरूर गुजरना पड़ता है। बैक पेन जब उठता है, तो ये पूरी दिनचर्या को ही प्रभावित कर देता है, क्योंकि इसकी वजह से उठना, बैठना, झुकना, चलना जैसे बेसिक मूवमेंट करने में भी दर्द होता है। ऐसे में अधिकतर लोग फौरन पेन किलर या कोई भी दवा खा लेते हैं. जिससे तत्काल राहत तो मिल जाती है, लेकिन दवा का असर खत्म होते ही ये दर्द दुबारा उठ जाता है।

इस बैक पेन के दर्द से निजात पाने के लिए जरूरी है कि अपने बैक को दिन भर में कम से कम मात्र दस से पंद्रह मिनट जरूर दें। इसके लिए कुछ जरूरी बैक पेन एक्सरसाइज करें, जिससे दर्द से राहत मिले और ये दर्द हमेशा के लिए खत्म हो जाए। आइए जानते हैं ऐसी 6 एक्सरसाइज जिसे करने से आपको अपने बैक पेन से जल्द राहत मिलेगी।

**कैट स्ट्रेच**

इसे करने से बैक में खिंचाव होता है, जिससे ये मजबूत होते हैं और मांसपेशियों के तनाव को कम करते हैं। ये स्पाइन की मोबिलिटी बढ़ाते हैं। इस एक्सरसाइज को करने के लिए पहले बिल्ली की तरह अपने हाथ और पैर के बल बैठ जाएं।

फिर बिल्ली यानी कैट की तरह अपनी कमर या पेट के हिस्से को पहले नीचे की तरफ ले जाएं और फिर हिप्स और लोअर बैक उठा कर कैमल यानी ऊंट की तरह ऊपर की तरफ ले जाएं। इस कैट कैमल प्रक्रिया को एक साथ कई बार दोहराएं।

**लोअर बैक रोटेशनल स्ट्रेच**

ये एक्सरसाइज स्पाइन को सपोर्ट करती है और मांशपेशियों के बीच तनाव को कम करती है।

इसके लिए सीधा लेट कर दोनों हाथ फैला लें। एक पैर उठाएं और 90 डिग्री का कोण बनाते हुए उसे दूसरे पैर की तरफ ऊपर की तरफ ले जाने की कोशिश करें। वापस अपनी जगह पर पैर रखने के बाद ऐसा ही दूसरे पैर से दोहराएं। ऐसे दस से बारह बार करें।

**नी टू चेस्ट स्ट्रेच**

इससे लोअर बैक और हिप्स की मांसपेशियों का लचीलापन बढ़ता है और बैक पेन से राहत मिलती है। इसे करने के लिए सीधा लेट जाएं और अपने घुटनों को एक साथ मोड़ कर अपने सीने तक ले आएं। दोनों हाथों से दोनों घुटनों को पकड़े रहें।

ये प्रक्रिया 8 से 10 बार दोहराएं। ऐसा एक घुटना उठा कर सीने तक स्ट्रेच कर के भी इस एक्सरसाइज को किया जा सकता है ।

**पिजन पोज**

सीधा बैठें। एक पैर धीरे से पीछे की तरफ सीधा ले जाएं। आगे के पैर मोड़े हुए ही रखें। दोनों हाथों को मोड़ कर जमीन पर रखें और फिर उसके ऊपर सिर रखें। इस दौरान कान से कंधे टच न हों।

**बैक आर्च**

सीधा लेट जाएं। घुटने मोड़ कर हिप्स को उठाएं। 5 सेकंड तक इस अवस्था में रहें। फिर हिप्स नीचे करें और दोबारा इस प्रक्रिया को दोहराएं। ये बहुत ही आसान और कारगार एक्सरसाइज है, जिससे बैक पेन से बहुत राहत मिलती है।

# दुल्हन की तरह सजा सोनाक्षी सिन्हा का घर रामायणा वायरल हुआ वीडियो






**सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों अपनी शादी की खबरों को लेकर लाइमलाइट में बनी हुई हैं। एक दिन बाद एक्ट्रेस अपने लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड जहीर इकबाल के साथ शादी के बंधन में बंधने के लिए तैयार हैं। दोनों के परिवारों में खुशी का माहौल बना हुआ है। अब इसी बीच एक्ट्रेस के घर का एक वीडियो सामने आया है जो लाइटों से जगमगा उठा है।**

**नई दिल्ली।** रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी के बाद अब साल 2024 में बॉलीवुड का एक और कपल जल्द शादी के बंधन में बंधने वाला है। बी टाउन का ये कपल कोई और नहीं, बल्कि सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ही हैं। दोनों लंबे समय से एक-दूसरे को डेट करने के बाद अब ऑफिशियली एक होने वाले हैं।

लंबे समय से दोनों की शादी की खबर सुर्खियों में बनी हुई हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक सोनाक्षी और जहीर 23 जून को शादी करने वाले हैं। यहां तक कि दोनों परिवारों के बीच जश्न की शुरुआत भी हो चुकी है। अब सोनाक्षी सिन्हा के घर की एक वीडियो सामने आई है, जिसे खूबसूरती से सजाया गया है।

**लाइटों से जगमगा उठा एक्ट्रेस का घर**

सोनाक्षी सिन्हा अपने लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड जहीर इकबाल के साथ शादी करने वाली हैं। दोनों के प्री वेडिंग फंक्शन भी शुरू हो गए हैं, जिसकी कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। अब पैपराजी अकाउंट इंस्टेंट बॉलीवुड ने भी एक्ट्रेस के घर रामायणा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसमें देखा जा सकता है कि कैसे सोनाक्षी का घर लाइटों से जगमगा उठा है

**अनोखी होगी एक्ट्रेस की शादी**

सोनाक्षी सिन्हा और जहीर की वेडिंग काफी अलग होने वाली हैं। ऐसा बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस अपने होने वाले पति जहीर इकबाल के घर जाकर रजिस्टर्ड मैरिज करने वाली हैं।

इसके बाद उसी दिन मुंबई में दोनों का रिसेप्शन होने वाला है। ये रिसेप्शन बांद्रा में लोकेटेड शिल्पा शेट्टी के रेस्टोरेंट बैस्टियन में हो सकता है। सोनाक्षी-जहीर के वेडिंग रिसेप्शन में परिवार और दोस्तों के अलावा फिल्म इंडस्ट्री से भी कई सेलेब्स के शामिल होने की उम्मीद है।

ऐसे में अब एक्ट्रेस के फैंस को भी उनकी शादी का बेसब्री से इंतजार है और वह उन्हें दुल्हन बनते देखने के लिए काफी उत्साहित भी हैं।

# गर्मियों में इन समस्याओं का शिकार हो सकती है त्वचा, जानें कैसे पाएं इनसे छुटकारा



**नई दिल्ली।** गर्मियां शुरू होते ही शुरू हो जाता है ढेर सारे इन्फेक्शन और एलर्जी का दौर। गर्मियों में पसीने के कारण कई प्रकार की समस्याएं होती हैं, जिससे बेचैनी और दर्द महसूस होता है और ये देखने में भी ये खराब लगता है। साथ ही इससे आत्मविश्वास भी कम होता है। सेहत के साथ ही इस मौसम में स्किन से जुड़ी कई समस्याएं भी लोगों का अपना शिकार बना लेती हैं। ऐसे में जरूरी है कि इन समस्याओं के बारे में जानकारी हो, ताकि इनसे छुटकारा पाने के लिए सही उपाय अपनाए जा सके। आइए जानते हैं गर्मियों में होने वाले स्किन प्रॉब्लम और उनका समाधान-

**पसीने की बदबू**

गर्मियों में पसीना आने की वजह से अक्सर बदबू की समस्या होने लगती है। पानी में नमक मिला कर नहाने से पसीने की बदबू दूर होती है।

**घमौरी**

अधिक पसीने के कारण पसीने के डक्ट क्लॉग हो जाते हैं, जिससे पसीना ट्रैप हो जाता है। इससे पसीना डर्मिस और एपिडर्मीस की तरफ वापस चला जाता है, जिससे लाल पैची स्किन हो जाती है जिसे घमौरी कहते हैं। ये पीठ, सीने, गले और अंडरआर्म्स में अधिक होता है। नीम पत्ते का पेस्ट लगा कर नहाने से, चंदन गुलाबजल का पेस्ट लगाने से, मुल्तानी मिट्टी का लेप लगा कर नहाने से घमौरियों से राहत मिलती है। प्रिक्ली हीट पाउडर का इस्तेमाल करने से भी घमौरी को दूर किया जा सकता है।

**सन टैन**

गर्मियों में चिलचिलाती धूप में कुछ देर के लिए भी निकलने से सनटैन की समस्या हो सकती है। घर से बाहर निकलने से पहले लाइट, नॉन स्टिकी, स्क्त्न 50+ वाले सनस्क्रीन का इस्तेमाल जरूर करें। समर हैट, धूप के चश्मे का इस्तेमाल करें और हो सके तो बाहर निकलते समय मुंह ढंक कर निकलें।

**ऑयली स्किन**

पसीने के कारण स्किन हर समय चिपचिपी और ऑयली हो सकती है। स्किन को एक्सफोलिएट कर के ऑयल निकालने वाले फेसवॉश का इस्तेमाल करें। एलोवेरा फेस जेल लगाएं, जिससे स्किन सॉफ्ट और सपल रहे।

**सन डैमेज**

सनटैन में जहां स्किन डार्क हो जाती है, वहीं सन डैमेज में स्किन में हाइपरपिगमेंटेशन होने के साथ स्किन में रेडनेस, जलन और सनबर्न के लक्षण दिखते हैं।

यूवी रिएक्शन के कारण सन डैमेज होता है, जिसमें स्किन की बाहरी परत ऐसे केमिकल बनाती है, जो ब्लड वेसल को फैला कर उसमें से फ्लुइड लीक करने पर मजबूर करती है, जिससे रेडनेस और सूजन हो सकती है।

**मुंहासे**

अधिक पसीना निकलने के कारण स्किन ऑयली हो जाती है, जिसमें मुंहासे होने की संभावना बढ़ जाती है। क्ले चारकोल मास्क या मुल्तानी मिट्टी के लेप से स्किन को सामान्य बनाया जा सकता है और मुंहासे होने से रोका जा सकता है।

**फुंसी**

गर्मियों में फोड़े फुंसी भी अधिक होने लगते हैं। एलो वेरा जेल और हल्दी का पेस्ट लगाने से इसे कम किया जा सकता है। हालांकि, इसे छ कर खुद से ठीक करने की कोशिश न करें।

**ड्राई स्किन**

एसी में रहने के कारण या फिर अधिक नहाने के कारण स्किन ड्राई हो सकती है। लाइट वेट मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें और गर्म पानी से न नहाएं।

# पहली बार कर रहे हैं सोलो ट्रिप पर जाने का प्लान, तो उससे पहले जान लें ये जरूरी बातें




**पहली बार सोलो ट्रिप पर जाने का प्लान रहे हैं? अगर हां तो उससे पहले कुछ जरूरी बातों के बारे में जान लेना चाहिए ताकि अकेले आपको किसी मुश्किल का सामना न करना पड़े। इसलिए इस आर्टिकल में हम आपको कुछ ऐसी बातों के बारे में बताने वाले हैं जिनसे आपका पहला सोलो ट्रिप यादगार बनाने में मदद मिलेगी।**

**नई दिल्ली।** हम अपने जीवन हर काम कभी न कभी पहली बार करते हैं। जब हम पहली बार अकेले कोई काम करते हैं, तो हमारे मन में हिचकिचाहट और कई तरह के सवाल जरूर आते हैं। ऐसे ही अगर आप पहली बार किसी सोलो ट्रिप पर जाने का प्लान कर रहे हैं, तो जाहिर सी बात है कि आप सोच रहे होंगे कि क्या-क्या साथ लेकर जाना चाहिए और किन बातों के बारे में जानकारी होनी चाहिए, ताकि अकेले हम किसी मुसीबत में न फंस जाएं। आपके इन्हीं सवालों का जवाब देने की कोशिश हम इस आर्टिकल में करने वाले हैं। आइए जानते हैं पहली बार सोलो ट्रिप पर जाने से पहले किन महत्वपूर्ण बातों के बारे में पता होना चाहिए।

**जगह के बारे में जानकारी लें**

आप जिस जगह ट्रिप करने का प्लान बना रहे हैं, उसके बारे में पहले से थोड़ी जानकारी ले लें। जैसे कि वहां का यातायात कैसा है, वहां का कल्चर कैसा है, वहां का मौसम किस प्रकार का है आदि। अगर आपका कोई जानने वाला पहले वहां गया है, तो आप उनसे बात कर सकते हैं। उनकी ट्रिप से भी आपको काफी जानकारियां मिल जाएंगी और काफी टिप्स भी, जिससे आपका सफर आसान हो जाएगा।

**प्रीबुकिंग करें**

आप जहां जा रहे हैं, वहां रुकने के लिए पहले से ही होटल बुक कर लें, ताकि वहां जाकर आपको होटल ढूंढ़ने में समय न बर्बाद करना पड़े और आपको किसी असुविधा का सामना भी न करना पड़े। साथ ही, होटल बुक करते समय उसकी रेटिंग जरूर चेक करें, ताकि आपको वहां जाने के बाद कोई अफसोस न हो। ऐसे ही, बुकिंग का समय और तारीख भी ध्यान से चेक कर लें।

**बजट बनाएं**

ट्रिप प्लान करने से पहले यह जरूर जान लें कि वहां आने-जाने, रहने और खाने-पीने पर कितना खर्चा हो सकता है। साथ ही, वहां आप जो भी एक्टिविटी करने का प्लान बना रहे हैं, उन पर कितने पैसे खर्च हो सकते हैं। इन सभी का अनुमान लगाकर एक बजट तैयार करें और उससे कुछ पैसे ज्यादा ही रखें, ताकि जरूरत पड़ने पर आपको बगलें न झांकनी पड़े।

**पैसों का सीक्रेट पॉकेट**

अगर आप अकेले ट्रिप पर जा रहे हैं, तो कोशिश करें कि आप अनुमान से थोड़े ज्यादा पैसे अपने पास रखें। वैसे तो यह डिजीटल का जमाना है, लेकिन फिर आपको कभी भी कैश की जरूरत पड़ सकती है। इसलिए अपने पास थोड़ा कैश जरूर रखें। साथ ही, इस बात का भी ध्यान रखें कि आप अपने सारे पैसे एक साथ न रखें। जरूरत के लिए थोड़े पैसे अपने पर्स में रखें और बाकी के अपने बैग के किसी सीक्रेट पॉकेट में रखें या किसी ऐसी चीज में, जिसका कोई आसानी से अंदाजा न लगा पाए।

**ओवर पैक न करें**

अगर आप अकेले ट्रिप पर जा रहे हैं, तो जाहिर है कि आपको ही सारा सामान उठाना पड़ेगा। अब ऐसे में आप भी नहीं चाहेंगे कि आपकी सारी एनर्जी सामान उठाने में ही निकल जाए। इसलिए सिर्फ जरूरत भर का ही सामान पैक करें। कोशिश करें कि एक ही बैग में आपका सारा सामान आ जाए और उस बैग में पहिए लगे हों, ताकि उसे खींचकर एक जगह से दूसरी जगह लेकर जाना आसान हो जाए।






# बदलते मौसम में बढ़ जाता है सर्दी-जुकाम और बुखार का खतरा, इन 6 चीजों से बढ़ाएं इम्युनिटी




**मौसम बदलने के साथ ही सर्दी-जुकाम के मामले बढ़ने लगते हैं। बच्चों में तो फ्लू का खतरा भी काफी बढ़ जाता है। इसलिए जब मॉनसून दस्तक देने की कगार पर है तो आपको अपनी और अपने परिवार की इम्युनिटी को मजबूत बनाने पर ध्यान देना चाहिए। डाइट में कुछ फूड्स को शामिल करके आप अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ा सकते हैं।**

**नई दिल्ली।** Foods for Immunity: तेज गर्मी के बाद बारिश की फुहार से लोगों को राहत तो मिलती है, लेकिन यूं मौसम में अचानक बदलाव की वजह से सर्दी-जुकाम और बुखार का खतरा बढ़ जाता है। बदलते मौसम का यह प्रभाव मॉनसून में खूब देखने को मिलता है। कमजोर इम्युनिटी की वजह से यह समस्या और गंभीर हो सकती है। इसलिए अगर आप अपने इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाना चाहते हैं ,तो आपको अपनी डाइट में कुछ ऐसे फूड आइटम्स को शामिल करना चाहिए, जिनसे इम्युनिटी बढ़ाने में मदद मिले और सीजनल इन्फेक्शन से बचाव में मदद मिल सके। इस आर्टिकल में हम आपको ऐसे ही कुछ फूड्स के बारे में बताने वाले हैं।

**लहसुन**

लहसुन में एंटीबैक्टीरियल और एंटीइंफ्लामेटरी गुण पाए जाते हैं, जो बीमारियों ले लड़ने में मदद करते हैं। क्लीवलैंड क्लीनिक के मुताबिक, लहसुन में एलिन भी पाया जाता है, जो सफेद रक्त कोशिकाओं की बीमारियों से लड़ने में मदद करता है। साथ ही, एंटीइंफ्लामेटरी गुणों की वजह से यह सूजन को कम करता है, जो इम्यून सिस्टम के लिए फायदेमंद होता है।

**फैटी फिश**

साल्मन, टूना, मैकरेल जैसी मछलियों में ओमेगा-3 फैटी एसिड पाया जाता है, जो दिल के लिए फायदेमंद होता है और साथ ही, इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बनाता है। ये ऑटो इम्यून डिजीज, जैसे रूमाटॉइड आर्थराइटिस के लक्षणों को कम करने में भी मदद करते हैं।

**ब्रोकली**

ब्रोकली में कई एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन सी पाए जाते हैं, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में मदद करते हैं।

इनके अलावा, इसमें विटामिन ए और ई भी पाए जाते हैं, जो इम्युनिटी बढ़ाने में मदद करते हैं। इसलिए अगर आप भी ब्रोकली को देखकर मुंह सिकोड़ते हैं, तो यह जान लें कि यह कैसे आपकी इम्युनिटी के लिए फायदेमंद हो सकता है।

**दही**

दही में प्रोबायोटिक्स पाए जाते हैं, जो हमारी गट हेल्थ के लिए फायदेमंद होते हैं। इनसे गट माइक्रोबायोम बेहतर बनता है और गुड बैक्टीरियाज की संख्या बढ़ती है। क्लीवलैंड क्लीनिक के मुताबिक, गट हेल्थ और इम्यून सिस्टम आपस में जुड़े होते हैं। इसलिए हेल्दी गट यानी हेल्दी इम्यून सिस्टम। इसलिए दही को अपनी डाइट में शामिल करें।

**पालक**

पालक में विटामिन ए, सी और ई पाए जाते हैं। ये इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। साथ ही, इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करते हैं, जिससे सेल डैमेज काफी कम मात्रा में होता है। इससे इम्युनिटी बढ़ाने में मदद मिलती है।

**बादाम**

बादाम में विटामिन ई और ओमेगा-3 फैटी एसिड पाया जाता है। ये दोनों ही इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। इसलिए रोज कुछ बादाम को कुछ समय में पानी में भिगाकर खाने से आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी।

# सेहत होगी दुरुस्त और चेहरे पर आएगी चमक, अगर आज ही चीनी को कह देंगे अलविदा




**चीनी हमारी डाइट का एक अहम हिस्सा बन चुकी है। इसके बिना कई व्यंजनों का स्वाद खराब लगता है। हालांकि ज्यादा मात्रा में इसका सेवन करने से सेहत को कई गंभीर नुकसान हो सकते हैं। ऐसे में अगर चीनी को अपनी डाइट से बाहर कर दिया जाए तो इससे कई तरह के फायदे मिलते हैं। आइए जानते हैं चीनी छोड़ने के फायदे**

**नई दिल्ली।** हमारे खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए हम कई सारी चीजों का इस्तेमाल करते हैं। चीनी इन्हीं में से एक है, जिसके बिना अक्सर व्यंजनों का स्वाद बेस्वाद लगता है। चाय-कॉफी हो या मीठा व्यंजन चीनी के बिना काफी खराब लगते हैं। हालांकि, चीनी हमारी सेहत को कई गंभीर नुकसान पहुंचाती है। इसलिए इसका सेवन काफी सीमित मात्रा में किया जाना चाहिए। जरूरत से ज्यादा चीनी डायबिटिज जैसी लाइलाज बीमारी का शिकार बना सकती हैं।

ऐसे में बेहतर होगा कि इसे या तो सीमित मात्रा में डाइट में शामिल किया जाए या डाइट से बिल्कुल ही बाहर कर दिया जाए। चीनी को डाइट से पूरी तरह आउट करने से सेहत को काफी फायदे मिलते हैं। अगर आप भी चीनी छोड़ने का विचार कर रहे हैं, तो इससे होने वाले फायदों के बारे में जानकर आप तुरंत ही इसे डाइट से आउट कर देंगे। आइए जानते हैं चीनी छोड़ने के कुछ फायदे-

**वजन कम होता है**

अगर आप चीनी को अपनी डाइट से पूरी तरह बाहर कर देते हैं, तो इससे आपको वजन कम करने में काफी मदद मिलती है। ऐसा इसलिए क्योंकि चीनी में कैलोरी की मात्रा काफी ज्यादा होती है और यह फैट स्टोरेज को बढ़ाने में योगदान करती है।

ऐसे में इसे छोड़ने से वेट लॉस करना आसान होता है।

**दांतों के लिए फायदेमंद**

ज्यादा मात्रा में चीनी खाने से अक्सर दांतों से जुड़ी समस्याएं जैसे सड़न और उनमें छेद होने की संभावना बनी रहती है।

ऐसे में चीनी छोड़ने से ओरल हाइजीन बेहतर हो सकती है और दांतों से जुड़ी समस्याओं का खतरा कम भी हो सकता है।

**एनर्जी लेवल बनाए रखे**

चीनी खाने से एनर्जी लेवल में लगातार उतार-चढ़ाव बना रहता है। ऐसे में अगर आप इसे अपनी डाइट से पूरी तरह बाहर कर देते हैं, तो इससे आपका एनर्जी लेवल स्थिर बना रहेगा और आप दिन भर एनर्जी से भरपूर महसूस करते हैं।

**स्किन के लिए फायदेमंद**

अगर आप चीनी को अपनी डाइट से आउट कर देते हैं, तो इससे आपकी स्किन को भी काफी फायदा मिलता है।

चीनी मुंहासे और समय से पहले बूढ़ा होने जैसी त्वचा संबंधी समस्याओं का कारण बनती है। ऐसे में इसे छोड़ने से त्वचा साफ और स्वस्थ हो सकती है।

**कई बीमारियों का खतरा होगा कम**

ज्यादा चीनी खाने से टाइप 2 डायबिटीज, हार्ट डिजीज और कुछ प्रकार के कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के विकसित होने का खतरा बढ़ जाता है।

ऐसे में अगर आप चीनी छोड़ते हैं, तो इससे इस जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है।

# सारा अली खान को सुशांत सिंह राजपूत ने सिखाई थी हिंदी, केदारनाथ एक्ट्रेस बोलीं- उनका बहुत योगदान

**सुपरस्टार सैफ अली खान की बेटी सारा अली खान ने बतौर एक्ट्रेस अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत फिल्म केदारनाथ से की थी। इस मूवी में उनके साथ दिवंगत कलाकार सुशांत सिंह राजपूत भी लीड रोल में मौजूद थे। हाल ही में सारा ने सुशांत को लेकर खुलकर बात की है और बताया है कैसे सेट पर वह उनकी मदद करते थे।**

**नई दिल्ली।** बी टाउन एक्ट्रेस के तौर पर सारा अली खान आज की समय में काफी पॉपुलर हैं। 6 साल पहले निर्देशक अभिषेक कपूर की फिल्म केदारनाथ से हिंदी सिनेमा में कदम रखने वालीं सारा ने पहली फिल्म में एक्टर सुशांत सिंह राजपूत के साथ स्क्रीन शेयर की थी। बेशक सुशांत आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन बतौर दोस्त सारा के दिल में उनकी यादें आज भी जिंदा हैं। हाल ही में एक मीडिया इंटरव्यू के दौरान सारा अली खान ने सुशांत सिंह राजपूत को लेकर खुलकर बात की है और बताया है कि केदारनाथ के सेट पर वह किस तरह से एक्ट्रेस की मदद करते थे।

**सुशांत सिंह राजपूत को लेकर बोलीं सारा**

बीते 14 जून को सुशांत सिंह राजपूत की चौथी डेथ एनिवर्सरी मनाई गई। इस दौरान सारा अली खान ने एक्टर के साथ अनसीन फोटो को शेयर किया था। अब मिड डे के साथ खास बातचीत के दौरान उन्होंने सुशांत को लेकर बात की है।

सारा ने कहा- केदारनाथ फिल्म के लिए मुझे जो कुछ भी मिला है वह सब (सुशांत सिंह राजपूत) उनकी ही देन है। सेट पर जब हमें अभिषेक कपूर (निर्देशक) कोई सीन करने को बोलते थे तो पहली फिल्म होने की वजह से मुझे कुछ समझ नहीं आता था तब सुशांत ही मेरी मदद करते थे।

मेरी हिंदी फैंस को काफी अच्छी लगती है, खासतौर पर मेरा स्टाइल। इसमें सुशांत सिंह राजपूत का ही हाथ है।

बदले में एक याद के तौर पर मैं उनको कुछ नहीं दे सकी। इस तरह से सारा अली खान ने केदारनाथ को-स्टार को लेकर अपनी राय रखी है।

**केदारनाथ रही थी सफल**

अपनी डेब्यू मूवी में ही सारा अली खान ने शानदार एक्टिंग की छाप छोड़ी और आलम ये रहा कि केदारनाथ सफल साबित हुई।

बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने करीब 66 करोड़ का कारोबार किया था, जबकि वर्ल्डवाइड कमाई का ये आंकड़ा 97 करोड़ का था।

# सूखा या कच्चा, किस तरह नारियल को खाना सेहत के लिए है ज्यादा फायदेमंद

**नई दिल्ली।** हेल्दी डाइट की बात हो तो नारियल का नाम आना जायज है। नारियल के पानी के अनगिनत फायदे तो सभी जानते हैं, लेकिन ज्यादातर लोग इसमें मौजूद मलाई यानी कच्चे नारियल की खासियत नहीं जानते हैं। कई लोग सूखे नारियल को ही बेहतर मानते हैं, लेकिन सच्चाई इसके बिल्कुल उलट है। कच्चे और सूखे नारियल के बीच ढेरों अंतर हैं, जिसकी सही जानकारी जरूरी है क्योंकि फिर उसी अनुसार आप उसका सेवन कर सकते हैं। दोनों ही तरह के नारियल का स्वाद, न्यूट्रिशन, फ्लेवर और टेक्सचर अलग होता है।

**सूखा नारियल**

कच्चे ताजा नारियल को खाने में इसका स्वाद हल्का मीठा और नटी टेस्ट होता है और वहीं, सूखा नारियल खाने में अधिक मीठा और देर तक चबाने वाला होता है। सूखने के बाद नारियल का स्वाद कच्चे नारियल से अलग हो जाता है। नारियल को सुखा कर स्टोर करने में कुछ साधारण सी समस्याएं हैं, जो इसे पानी वाले नारियल से थोड़ा अनहेल्दी बनाती है। पहली बात ये कि सूखे नारियल में पानी नहीं रहता है, जिससे शरीर को हाइड्रेट रखने में इसका कोई महत्व नहीं रह जाता है।

वहीं, नारियल सूखने के बाद इसमें कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ जाती है। इस तरह सूखे नारियल में अधिक शुगर, कैलोरी और फैट पाया जाता है। सूखा नारियल कई दिन तक बिना सड़े रहे, इसके लिए इसमें प्रिजर्वेटिव और वाइटनर डाला जाता है, जो इसे और भी अनहेल्दी बनाता है।

**कच्चा नारियल**

कच्चे नारियल में ढेर सारे विटामिन और मिनरल पाए जाते हैं। इसमें पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन पाया जाता है, जो इसे एक बेहतरीन प्लांट बेस्ड प्रोटीन डाइट का हिस्सा बनाता है। इसमें कैलोरी, हेल्दी फैट और ओमेगा 6 फैटी एसिड पाया जाता है।

इसमें पाए जाने वाला अधिकतर फैट सैचुरेटेड होता है। हालांकि, इसमें कार्बोहाइड्रेट की मात्रा कम होती है।

**कच्चा नारियल vs सूखा नारियल- क्या ज्यादा बेहतर**

सूखे नारियल में मॉइश्चर की कमी के कारण अधिक फैट मौजूद होता है। ताजे कच्चे नारियल की तुलना में सूखे नारियल में कैलोरी की मात्रा ठीक उसकी दुगुनी होती है। इसमें अधिक फैट, प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट भी पाया जाता है।

सूखे नारियल की शेल्फ लाइफ अधिक होती है और ये कच्चे नारियल की तुलना में अधिक दिन तक अच्छी अवस्था में रहते हैं।

Email: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 70664886

## मिली भगत के चलते शासकीय भूमि बनी भू-माफियाओं के लिए करोड़ों का व्यापार

### पटवारी ने कहा जल्द ही होगी प्रभावी कार्यवाही



**नीमच।** जिला नीमच अंतर्गत जावद तहसील के सरवानिया महाराज में शासन द्वारा वर्ष 2001-02 में शासकीय भूमि सर्वे 38 व 40 में से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति के लोगो को भूमि के भू स्वामी पट्टे दिये थे, लेकिन सरवानियों महाराज का नक्शा नही होने की वजह से पट्टेदार लोगो को भूमि का कब्जा नही दिया गया। पट्टेदार लोगो द्वारा शासकीय पट्टे की भूमि का कब्जा दिलाने के लिये कई बार शासन व राजस्व अधिकारी को आवेदन पत्र भी दिये गये थे लेकिन फिर भी भूमि पट्टेदार लोगो उक्त सर्वे नंबर की भूमि मैसे मौके पर कब्जा नहीं दिया गया । शासकीय पट्टे की भूमि अहस्तांतरणीय हैं। इस बात की सम्पूर्ण जानकारी तत्कालिन मौजा पटवारी व वर्तमान मौजा पटवारी विनोद राठौर को रही है। सर्वे नंबर 38 व 40 के कई बटांकन हो गये हैं, जो भूमि सरवानिया महाराज में पुलिस चौकी के पास से शुरू होकर नीमच की और मुख्य रोड़ से लगी होकर उपरोक्त वर्णित सर्वे नंबर भूमि का बड़ा रकबा है। जिसमें से अधिकतर भूमि शासकीय हैं।

जिसका पिछले कई महिनो से भू माफिया द्वारा भूमि के अतिक्रमणकर्ता/कब्जेदार लोगो से मिलकर नीमच सिंगोली मुख्य रोड़ के पास की शासकीय भूमि का लाखो रूपये में सौदा किया जा रहों है तथा शासकीय भूमि रजिस्ट्री कराने के लिये पट्टे प्राप्त लोगो को रूपयो का लालच देकर नगर व शासन को नुकसान पहुंचाने के लिये पट्टे प्राप्त लोगो से मुख्य रोड़ के पास की भूमि की चतुरसीमा लिखाकर शासन की बेशकिमती भूमि को क्रय/विक्रय करने के लिये भू माफिया द्वारा मौजा पटवारी विनोद राठौर से सांठगाठ कर पट्टे प्राप्त लोगो से असत्य दस्तावेजो के आधार पर आवेदन पत्र शासकीय भूमि विकय की अनुमति आवेदन पत्र जिला कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किये गये तथा किये जा रहे हैं। जिसका शासकीय पट्टेदार को आवेदन पत्र करने व भूमि विक्रय अनुमति प्राप्त करने का कोई अधिकार नहीं हैं। भूमाफियाओ द्वारा अहसतांतरणीय शासकीय पट्टे का शासन को नुकसान पहचाने के लिये उपयोग किया जा रहा है। यदि श्रीमान द्वारा असत्य दस्तावेजो के आधार पर पट्टेदार लोगो को भूमि विक्रय करने की अनुमति दी गई तो सरवानियों महाराज में नीमच सिंगोली मुख्य रोड की शासकीय सम्पूर्ण भूमि भूमाफियाओं के हाथो में चली जायेगी तथा शासन की बेशकिमती भूमि पर भू माफियाओ का कब्जा हो जायेगा तथा, इससे शासन व नगर को बहुत बड़ा नुकसान होगा तथा भू माफिया द्वारा शासन की बेशकिमती भूमि पर प्लाट काटकर करोड़ो का मुनाफा कमाएगें। जिसे रोका जाना शासन हित व नगर में आवश्यक हैं जिसमे मौजा पटवारी विनोद राठौर को शासन के भूमि के क्रय/विक्रय की सम्पूर्ण जानकारी है, लेकिन भूमाफियाओ से अच्छी सांठगाठ होने के चलते मौजा पटवारी विनोद राठौर ने आज तक तहसीलदार जावद तथा जिला कलेक्टर को शासकीय भूमि कय विक्रय के संबंध में अवगत नही कराया जबकि अवगत कराना उनका प्रथम कर्तव्य था । सरवानियाँ महाराज के नागरिकगण द्वारा शासकीय भूमि बचाने के लिये शासन व नगर के हित को देखते हुए जिला कलेक्टर नीमच के समक्ष आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया तथा मोजा पटवारी को यहा से हटाया जाने की भी मांग की।

**इनका कहना**
मुझे उक्त संबंध में जानकारी प्राप्त हुई है, जो सर्वे नं बताए जा रहे है वह शासकीय है और जल्द ही इस इस संबंध में उचित कार्यवाही की जाएगी।
**- विनोद राठौर ( पटवारी )**

## नए सीएमओ के पदभार ग्रहण करते ही आया नलों से पानी

### दो महीने बाद पानी मिलने पर रहवासियों ने जताया आभार





**सिंगोली।** नीमच जिला कलेक्टर दिनेश जैन द्वारा स्थानीय नगर परिषद के इंजीनियर अंकित माँझी को नगर परिषद सिंगोली के सीएमओ का प्रभार गत दिनों सौंपा गया और नए सीएमओ के रूप में पदभार ग्रहण करते ही श्री माँझी ने अव्यवस्थाओं को सुधारने का बीड़ा उठाया है जिसके चलते वार्ड नंबर 9 के कुछ घरों में कल 23 जून रविवार को दो महीने बाद नलों से पानी मिला जिससे इन लोगों ने खुशी का इजहार करते हुए नए सीएमओ अंकित माँझी का हृदय से आभार व्यक्त किया है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक वार्ड नं 09 के दस बारह घर करीब दो महीने से पानी के लिए परेशान हो रहे थे चार घर तो ऐसे थे जिनके नलों में दो महीने में एक भी बार पानी नहीं आया इधर उधर से पाइप जोड़कर व्यवस्था कर रखी थी रातभर जागना पड़ रहा था पर जैसे ही नगर पंचायत के सीएमओ के पद पर अंकित माँझी ने कार्यभार संभाला और वार्डवासियों ने उनसे मुलाकात करके पेयजल समस्या से अवगत करवाया जिस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि रविवार को आपके सभी घरों में एक साथ पानी आ जायेगा और हुआ भी वही कि रविवार को वार्ड नंबर 9 में सभी मकानों में जिन मकानों में दो महीने से एक बूंद पानी नहीं आ रहा था।

उनके मकानों में भी रविवार की देर शाम को फूल फ्रेशर से पानी आ गया इस पर वार्ड के जागरूक नागरिक संजय जैन और धीरज जैन सहित सभी परेशान वार्डवासियों की ओर से नए सीएमओ साहब का बहुत बहुत धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया है।

## वस्त्र व्यवसाय कल्याण संघ समिति के चुनाव सम्पन्न, दिलीप मोगरा अध्यक्ष, दीपक पारवानी सचिव, दीपक शर्मा कोषाध्यक्ष निर्वाचित




**नीमच।** वस्त्र व्यवसाय कल्याण संघ समिति नीमच के चुनाव गोधाम बालाजी मंदिर पर चुनाव अधिकारी वीरेंद्र सिंह चोरड़िया द्वारा संपन्न कराए गए। जिसमें आगामी 2 वर्षों के लिए अध्यक्ष दिलीप मोगरा,सचिव, दीपक पारवानी,कोषाध्यक्ष दीपक शर्मा, निर्विरोध निर्वाचित हुए। सर्वप्रथम साधारण सभा की बैठक में अध्यक्ष संजय आंचलीया ने कहा की आप सभी सदस्यों ने कार्यकाल में जो सहयोग दिया उसके लिए धन्यवाद, उसके बाद निवर्तमान सचिव दिलीप मोगरा, व निवर्तमान कोषाध्यक्ष घनश्याम कानाखेड़ा द्वारा आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया।

जिसे साधारण सभा की बैठक में सर्वसम्मति से पास किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष दिलीप मोगरा ने संस्था के सभी सदस्यों को विश्वास दिलाया कि में अपने कार्यकाल वह तन मन धन से संगठन को साथ में लेकर काम करेंगे, संरक्षक जिनेंद्र डोसी ने कुछ महत्वपूर्ण सुझाव जिसमें पर्यावरण रक्षा के लिए पौधे लगाकर उसकी जिम्मेदारी से देखभाल करना एवं व्यापार में कपड़ा विक्रय के बाद वापस बदलने की व्यवस्था को समाप्त कर जनता को जागरूक करने के लिए प्रत्येक दुकान पर स्टीकर लगाना, सुझाव को सर्वसम्मति से पास किया गया।

साधारण सभा बैठक की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष सुरेश सिंहल द्वारा की गई। साधारण सभा की बैठक में नौतन दास, वैभव पारीक, सत्यनारायण पाराशर, नरेंद्र लोढ़ा, परमानंद पारवानी, प्रवीण गोदावत, किशोर चौहान, पारसमल डोसी, गौरव पाराशर, ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए, जिसे सभी सदस्यों ने सराहा। कार्यक्रम में प्रबल मैचिंग खन्ना के सुपुत्र प्रबल द्वारा अखिल भारतीय जैन सोशल ग्रुप उड़ान संगीत कार्यक्रम में द्वितीय स्थान मिलने पर संस्था द्वारा सम्मान किया गया।अंत में आभार नवनिर्वाचित सचिव दीपक पारवानी द्वारा किया गया।

## नशे से खुद भी दूर रहें और दूसरों को भी दूर रखें-एएसआई

### पुलिस ने कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में चलाया नशा विरोधी अभियान





**सिंगोली।** नशा नाश की जड़ है और तम्बाकू,बीड़ी-सिगरेट,शराब सहित अन्य मादक पदार्थों का नशा करने के कई दुष्प्रभाव हो रहे हैं जिनमें अधिकांश दुर्घटनाओं का कारण नशा ही माना जाता है।नशे के कारण कई विवाद और लड़ाई-झगड़े होते रहते हैं इसलिए खुद भी नशे से दूर रहना है और दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना है।उक्त आशय के विचार पुलिस थाना सिंगोली में पदस्थ एएसआई सुरेश कटारिया ने स्थानीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए।24 जून सोमवार को मध्यप्रदेश शासन पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के अनुक्रम और जिला पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के मार्गदर्शन में 20 जून से 26 जून तक पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर चलाये जा रहे नशा विरोधी अभियान के तहत सोमवार को शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में उपस्थित शिक्षकों और बच्चों को सम्बोधित करते हुए पुलिस थाना सिंगोली के उपनिरीक्षक श्री कटारिया ने बताया कि अपने घर-परिवार या पड़ौस में यदि कोई नशा करते हैं तो उन्हें समझाईश देकर उन्हें नशा मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित अवश्य करें जिससे कि वे अपना जीवन शान्ति पूर्वक तरीके से जी सकें।

इस दौरान प्रधान आरक्षक कन्हैयालाल राठौड़ ने भी प्रेरणादायक उद्बोधन दिया वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्राचार्य राजेन्द्र जोशी ने नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नशे के कारण परिवारों का विघटन हो रहा है इसलिए सभी से नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर पुलिस थाना सिंगोली के आरक्षक अल्पेश बैरागी, विद्यालय परिवार के हीरेन्द्रसिंह हाड़ा, शंकरलाल धाकड़,रेखा शर्मा, हेमराज शर्मा, शंकरगिर रजनाती, कैलाशचन्द्र धाकड़, गिरधारीलाल वर्मा सहित स्कूल के स्टॉफ सदस्य और विद्यार्थीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक कुंजबिहारी कारपेंटर ने किया।

## सक्षम विभाग द्वारा मनाया गया अपना स्थापना दिवस



**नीमच।** स्वर्णकार धर्मशाला में सक्षम विभाग द्वारा मालवा प्रांत सचिव रविन्द्र कुमार पाण्डे,मंदसौर पारस पटवा, नीमच लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा नीमच के सानिध्य मे स्थापना दिवस पर कार्यकम आयोजित किया गया,जिसमे मालवा प्रांत सचिव राजेंद्र पांडे ने कहा कि दिव्यांगों की पीड़ा को समझकर उनकी समय-समय पर आत्म संबल प्रदान करने के लिए आर्थिक सहायता शासन की योजनाओं के माध्यम से दिलाना चाहिए तभी उनका विकास हो सकता है शिक्षा के लिए सभी को सहयोग करना चाहिए जिससे दिव्यांग भी आत्मनिर्भर बन सकते हैं दिव्यांगों के विकास के बिना राष्ट्र का विकास नहीं हो सकता है रामायण टीवी सीरियल में संगीत देने वाले रविंद्र जैन भी नेत्रहीन थे पीड़ित मानवता की सेवा पुण्य कर्म है जो दिव्यांग अस्वस्थ है उनकी सेवा करना चाहिए वरिष्ठ समाज सेवी पारस पटवा ने कहा कि दिव्यांग की सेवा राष्ट्रीय की सेवा होती है दिव्यांगों की दुर्बलता को दूर करना ही बड़ा पुण्य कर्म होता है यह सेवा देव दर्शन से भी बड़ी सेवा होती है लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा ने कहा कि नेत्रदान रक्तदान की सेवा कार्यों से महान कर्म करना चाहिए 400 दृष्टिहिनों के ऑपरेशन संगठन द्वारा करवाए गए हैं 16 जिलों में संगठन सक्रिय कार्य कर रहा है कार्यकर्ता सदेव कार्य पवित्र भाव रखें तो जीवन में सफलता मिल सकती है। कार्यक्रम में सक्षम इकाई नीमच जिला के सभी सदस्यों द्वारा स्थापना दिवस का कार्यक्रम में कई दिव्यांगो ने सहभागिता निभाई जिसमें सक्षम विभाग के सभी कार्यकर्ता ने मां भारती एवं सूरदास जी की प्रतिमा को माल्या अर्पण व दीपक प्रज्वलित कर पूजा की।सक्षम विभाग दिव्यांगों के लिए किस प्रकार से कार्य करता शासन द्वारा दिव्यंगो को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी एवं सक्षम विभाग द्वारा जिले कि कार्यकारिणी गठित की गई जिसमें जिला अध्यक्ष रमेश पालके द्वारा अतिथियों का स्वागत किया।सक्षम विभाग के सभी कार्यकर्ता जिसमे शैलेंद्र हाड़ा ,हितेश गौड़, शिवम लोढ़ा, मनोज त्रिपाठी, हरिसिंह चौहान, रामप्रकाश बल्दवा जावद, गोपाल, सुरेश, गोरधन सिंह , मधुलाल साहू, महिला प्रकोष्ठ प्रमुख मालती देवी नाहर, रीना दीदी अहीर एवं सभी सक्षम विभाग के कार्यकर्ता द्वारा स्थापना दिवस के कार्यक्रम में सहभागी बने। कार्यक्रम का संचालन दिलीप दायमा ने किया तथा आभार विष्णु गोस्वामी ने व्यक्त किया।

## वैश्य महासम्मेलन एवं जिला युवा इकाई द्वारा मनाया गया सेवा दिवस

**नीमच।** वैश्य महासम्मेलन जिला नीमच एवं जिला नीमच युवा इकाई द्वारा मध्यप्रदेश के पूर्व गृहमंत्री एवं वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता के जन्मदिन के अवसर को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए उनके जन्मदिन पर श्री जैन गौशाला चैनपुरा में एक ट्राली हरी घास एवं 4 क्विंटल गुड गायों को खिलाकर उमाशंकर गुप्ता का जन्म दिवस मनाते हुए उनके मंगलमय जीवन की कामना की । इस अवसर पर वैश्य महासम्मेलन संभागीय अध्यक्ष संतोष चोपड़ा, जिला अध्यक्ष गोविंद पोरवाल,महामंत्री हरीवल्लभ मुच्छाल, कोषाध्यक्ष पारस लसोड , वासुदेव गर्ग ,युवा इकाई जिला अध्यक्ष मनोज माहेश्वरी तहसील अध्यक्ष तुषार लालका सहित अन्य उपस्थित थे।

## ओमप्रकाश क्षत्रिय को मिली तीन उपलब्धियाँ



**सिंगोली।** प्रसिद्ध बालसाहित्यकार ओमप्रकाश क्षत्रिय प्रकाश को रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय,मानविकी एवं उदार कला संकाय,प्रवासी भारतीय साहित्य एवं संस्कृति शोध केंद्र द्वारा आयोजित लघुकथा लेखन कौशल, सर्टिफिकेट कोर्स त्रैमासिक पाठ्यक्रम 91 प्रतिशत अंकों के साथ सफलतापूर्वक पूरा करने पर रबींद्रनाथ टैगोर भोपाल में दीक्षांत समारोह सम्मानित किया गया वहीं लघुकथा शोध केंद्र भोपाल द्वारा लघुकथा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सहभागिता के लिए दुष्यंत कुमार पांडुलिपि स्मारक भोपाल सम्मानित किया गया। इस दूसरी महत्वपूर्ण उपलब्धि के साथ ओमप्रकाश क्षत्रिय प्रकाश को तीसरी महत्वपूर्ण उपलब्धि भी प्राप्त हुई है।

चिल्ड्रन बुक ट्रस्ट द्वारा आयोजित बालसाहित्य लेखन प्रतियोगिता में विजित आपके उपन्यास की द्वितीय पुरस्कार की राशि प्राप्त हुई है।इस तरह आपको गत दिनों तीन-तीन उपलब्धियां हासिल हुई है।इसके लिए आपके सभी शुभचिंतकों ने हार्दिक बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ व्यक्त की है।

## चेनामाता कुशलामाता का 39 वां महोत्सव 27 एवं 28 जून को, सजेगा श्याम बाबा का आलोकिक दरबार होगी भजन संध्या



**नीमच।** चैनामाता कुशला माता मंदिर ट्रस्ट केन्ट व शिव लक्षकार लखेरा नवयुवक मंडल नीमच सिटी के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय चेनामाता कुशला माता रूप जी महाराज का 39 वां जयंती महोत्सव 27 एवं 28 जून को।मनाया जाएगा।मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष रतन लखेरा शिव लखेरा मंडल के अध्यक्ष अमृत बागड़ी व उत्सव समिति के अध्यक्ष राधेश्याम केथुनिया ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी लखेरा समाज का दो दिवसीय महोत्सव 27 व 28 जून को स्कीम नंबर 9 में स्थित मातेश्वरी चेनामाता - कुशलामाता मंदिर परिसर में मनाया जाएगा। जिसमें प्रथम दिवस गणपति गणपति पूजन चैना कुशला माता का श्रृंगार, अन्नकूट प्रसादी पश्चात व किलकारी में मुख बधिर बच्चों को खिलौने वितरण व फल वितरण किया जाएंगे, मध्य प्रदेश महासभा, प्रदेश अध्यक्ष बाल कृष्ण सोलंकी की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित होगा, उसके बाद शाम 6 बजे 1008 महंत अयोध्यादास महाराज के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा।

शाम 8 बजे बाबा श्याम को भव्य अलौकिक दरबार सजाया जायेगा जिसमें कलाकार प्रबल जैन, हर्षिता मन्दसौर के द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जायेगी।कार्यक्रम के अगले दिवस 28 जून को सुबह 8 बजे अच्छी वर्षा की कामनाओं सुख समृद्धि लेकर विद्वान पंडितों के द्वार मातेश्वरी चेना-कुशला माता का हवन किया जायेगा। इसके पश्चात कार्यक्रम में पधारे अतिथियों व समाज के वरिष्ठजनों, के साथ ही प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जायेगा।

प्रात-12 बजे से स्कीम नंबर 9 मंदिर परिसर से कलश यात्रा (चल समारोह) निकाला जाएगा,जो घंटाघर कमल चौक 40 न पुस्तक बाजार से प्रमुख मार्गों से होता हुआ नीमच स्थित मंदिर उद्यान में पहुंच कर धर्मसभा में परिवर्तित होगा।

इस आयोजन में मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र सहित अन्य प्रदेश के समाजन भाग लेगे। लखेरा समाज पूर्व पदाधिकारी किशोर चौहान लखेरा ,गोपाल भाटी, सुरेश चंद बागड़ी , किशोर बागड़ी,मुकेश हाटडिया, महेश चौहान,प्रकाश परिहार, दिनेश केथुनिया, रमेश चौहान, मंदिर ट्रस्ट सचिव शंभू लाल चौहान ने समाजजनों से महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कार्यक्रम को सफल बनाने की आव्हान किया है

## सफाई कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी -श्रीमती चौपडा सफाई

### व्यवस्था को लेकर नपाध्यक्ष ने ली अधिकारियों की बैठक



**नीमच।** शहर की सफाई व्यवस्था में व्यापक सुधार करने, आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में नीमच शहर को अच्छी रेंक दिलाने, बारिश में जलभराव की संभावित स्थिति को रोकने सहित स्वच्छता संबंधी विभिन्न मामलों को लेकर नगरपालिका परिषद् नीमच की अध्यक्ष श्रीमती स्वाति-गौरव चौपड़ा ने सोमवार, 24 जून को नगरपालिका कार्यालय स्थित नपाध्यक्ष कक्ष में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर उनसे व्यापक चर्चा की व सफाई कार्य में आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने के साथ ही उनके सुझाव भी सुने। श्रीमती चौपड़ा ने दरोगाओं व कर्मचारियों की अनुपस्थिति को लेकर कहा कि जो भी दरोगा या कर्मचारी कार्यस्थल पर उपस्थित नहीं होते हैं उनकी जानकारी प्रस्तुत करें ताकि उनके विरूद्ध कार्यवाही की जा सके। श्रीमती चौपड़ा ने कहा कि सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में कार्यालय अधीक्षक श्री कन्हैयालाल शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी श्री घनश्याम नागदा, स्वच्छता निरीक्षक श्री दिनेश टांक, श्री अशोक अहीर, श्री भारतसिंह भारद्वाज, श्री भेरूलाल अहीर व स्वास्थ्य विभाग के श्री शुभम उपाध्याय उपस्थित थे। बैठक में नपाध्यक्ष श्रीमती चौपड़ा ने कचरा गाड़ियों के लिए ड्रायवरों की भर्ती करने, सफाई कर्मचारियों को सफाई कार्य हेतु पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराने, सड़क पर कचरा फेंकने वालों पर निरंतर चालानी कार्यवाही करने, नागरिकों को सूखा कचरा-गीला कचरा अलग-अलग संग्रहित कर कचरा गाड़ी में डालने हेतु जागरूक करने अभियान चलाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। नपाध्यक्ष श्रीमती चौपड़ा ने स्वास्थ्य अधिकारी को समस्त स्वच्छता पर्यवेक्षकों (दरोगाओं) की बैठक बुलाने के भी निर्देश दिए।

श्रीमती चौपड़ा ने आम जनता से भी अनुरोध किया कि वे स्वच्छता बनाए रखने में नगरपालिका का सहयोग करते हुए सड़क पर कचरा न फेंके और अपने घरों व संस्थानों में सूखा व गीला कचरा अलग-अलग संग्रहित कर कचरा गाड़ी में ही कचरा डाले ताकि स्वच्छता सर्वेक्षण में नीमच शहर अच्छी रेंक प्राप्त कर सके और हमारा शहर साफ, स्वच्छ व सुंदर दिखाई दें। श्रीमती चौपड़ा ने कहा कि सफाई व्यवस्था में सुधार और स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर को अच्छी रेंक दिलाने में आमजन की भागीदारी भी बहुत जरूरी है। आमजन की जागरूकता इस अभियान में हमारे लिए बहुत मददगार साबित होगी।

## रेडक्रॉस मुकबधिर विद्यालय में ठंडे पानी के कूलर का हुआ लोकार्पण



**नीमच।** स्वर्गीय सावित्री देवी पति कन्हैयालाल जी जायसवाल की स्मृति में उनके पुत्र राजेश जायसवाल के द्वारा रेडक्रॉस मूक बधिर छात्र-छात्राओं एवं वृद्धजनों के लिए एक वाटर कूलर स्थापित किया गया, जिसका लोकार्पण वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ किया गया इस अवसर पर कृति संस्था के अध्यक्ष इंजीनियर बाबूलाल गौड़ ,सचिव महेंद्र त्रिवेदी ,पूर्व अध्यक्ष कृति संस्था एवं रेड क्रॉस ब्लड बैंक के सत्येंद्र सिंह राठौड़, जल सेवक ओम प्रकाश गोयल जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्याम गुर्जर ,हरीश दुआ ,नंद कुमार सर्राफ, डॉ राजेंद्र जायसवाल, डॉ विनोद शर्मा, श्यामलाल थोरेचा, कमलेश जायसवाल, राधेश्याम पाटीदार ,नरेंद्र पोरवाल ,गोपाल, चंद्रवंशी एवं मित्र मंडल सुप्रभात योग मित्र मंडल के योग गुरु दिलीप चौधरी आदि अनेक समाजसेवियों की उपस्थिति में यह वाटर कूलर रेडक्रास सोसायटी हेमंत मुकबधिर विद्यालय में ठण्डे पेयजल सुविधा के लिए भेंट किया गया। इस अवसर पर कृति अध्यक्ष इंजीनियर बाबूलाल गौड़ ने कहा कि अपने माता-पिता की स्मृति में सेवा के क्षेत्र में किए गए कार्य अनुकरणीय होते हैं,जल सेवा संसार की सबसे बड़ी सेवा है। जल सेवा के बिना संसार अधूरा होता है। जल सेवक ओमप्रकाश गोयल संजय तेल वाले ने कहा कि जलसेवा ईश्वर की सेवा के समान होती है इसलिए जल सेवा में सक्रियता के साथ सेवा करना चाहिए।

संसार में इससे बड़ा कोई पुण्य कर्म नहीं होता है। राजेश जायसवाल पराग द्वारा कोरोना काल में जिला चिकित्सालय में भर्ती रोगियों एवं उनके परिजनों को नि:शुल्क भोजन वितरण जैसे अनेक अनुकरणीय पीड़ित मानवता की सेवा कार्यों के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवा कार्यों के लिए उपस्थित सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा सम्मान किया गया। और भविष्य में भी इसी प्रकार के सेवा के इस मानवता एवं जल सेवा के कार्य कार्यों मे उत्तरोत्तर प्रगति के लिए प्रार्थना की

## रुके कार्यो को पूर्ण न करने को लेकर विधायक परिहार नाराज

### कलेक्टर कार्यालय में समीक्षा बैठक सम्पन्न



**नीमच।** नीमच विधानसभा में गत वर्षों से रुके कार्य एवं लंबित योजनाओं को लेकर विधायक दिलीपसिंह परिहार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमे विधायक परिहार ने कड़े शब्दों में अधिकारियो को निर्देश देते हुए कहा कि शासन का पैसा विभिन्न विभागों में रखा है, रुके कार्य पूर्ण नही होने से जनता को लाभ नही मिल पा रहा है। जिस पर जिलाधीश महोदय ने भी चिंता व्यक्त की। बैठक में विजन डॉक्यूमेंट 2024-29 के सम्बंध में अधिकारियों से चर्चा जिसमे मुख्य रूप से मास्टर प्लान 2035, पर्याप्त पेयजल आपूर्ति, जिला अस्पताल का विस्तारीकरण, मेडीकल कालेज भवन के अलावा अन्य सुविधाएं, नगर पालिका क्षेत्र में पार्किंग, सौन्दर्यीकरण व सड़को का विस्तारीकरण, औद्योगिक भूमियों का विस्तार एवं रोजगार के अवसर, शहर के मध्य गुजरने वाली नसीराबाद सड़क को भाटखेड़ा से डूंगलावदा तक फोरलेन मय सेंट्रल लाईट, जयसिंहपुरा बघाना नयापुरा बायपास, सी.एम राइज स्कूल, नवीन स्टेडियम आदि मुद्दों पर गम्भीर चर्चा कर 2029 तक के लक्ष्य को तय किया गया। बैठक में जिला पर जिला कलेक्टर जैन, एडीएम लक्ष्मी गामन, जिला पंचायत सी ई ओ सहित समस्त जिला अधिकारी मौजूद थे।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक एवं मुद्रक ऐश्वर्य शर्मा के लिए माँ भगवती प्रिन्टर्स बंगला-23, नीमच, जिला-नीमच, मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पर्क: ऐश्वर्य शर्मा (संपादक)- 9407423966, राधवेन्द्र शर्मा (प्रबंधक)- 9301678930। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नीमच होगा।